दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 01 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 352 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : 3

## महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला
## गाय को दिया 'राज्यमाता' का दर्जा

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले एकनाथ शिंदे सरकार ने बड़ा फैसला लिया है । सरकार ने गाय को राज्यमाता का दर्जा दिया है । महायुती के सरकार ने इसको लेकर घोषणा की है । दरअसल, सोमवार को कैबिनेट बैठक में सरकार ने ये फैसला लिया है । चुनाव से पहले शिंदे सरकार का ये बड़ा निर्णय माना जा रहा है ।



सरकार के मुताबिक वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा, पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए, यह देशी गायों को अब से राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई ।

मुख्यमंत्री के दफ्तर से मिली जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक में सोमवार (30 सितंबर) देसी गायों के पालन-पोषण के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया गया, क्योंकि गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसे वहन नहीं कर सकती थीं, इसलिए उन्हें मजबूत करने का निर्णय लिया गया ।

यह योजना महाराष्ट्र गोसेवा आयोग द्वारा ऑनलाइन लागू की जाएगी । प्रत्येक जिले में एक जिला गोशाला सत्यापन समिति होगी । 2019 में 20वीं पशुगणना के अनुसार, देसी गायों की संख्या 46,13,632 तक कम पाई गई है । 19वीं जनगणना की तुलना में यह संख्या 20 ।69 प्रतिशत कम हुई है ।




## महाजनादेश देने वाले गाजियाबाद के साथ क्यों हो रही है ऐसी बेवफाई आयोग वाले सीन में क्यों नहीं दिख रहा यहां का कोई चेहरा भाजपाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार केंद्र की हो, सरकार राज्य की हो उसमें गाजियाबाद का योगदान सर्वाधिक रहा है। लोकसभा में भाजपा को यहां बनारस और लखनऊ से बड़ा जनादेश मिला है। साहिबाबाद विधानसभा में भाजपा को पूरे देश का सबसे बड़ा जनादेश मिला है। विधानसभा में यहां हर सीट पर फूल खिला है। नगर निगम में भाजपा है और सौ पार्षदों वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के हैं। बड़ी जनसभाएं यहां होती हैं। सम्मेलन यहां होते हैं, लेकिन ऐसा क्या है कि यहां से किसी भी भाजपाई चेहरे का योग सरकार वाले किसी आयोग में नहीं बन रहा है। सवाल भाजपा में उठ रहा है कि महाजनादेश देने वाले गाजियाबाद के साथ ऐसा क्यों हो रहा है। यहां के भाजपाई चेहरे किसी भी आयोग में दिखाई नहीं दे रहे हैं। गाजियाबाद के भगवा चेहरों को क्यों इग्नोर किया जा रहा है। अगर आयोग वाली लिस्ट देखें तो सदस्य वाले कॉलम में भी गाजियाबाद का नाम नहीं आ रहा है। एससी-एसटी आयोग की घोषणा हो गई और गाजियाबाद की किसी दलित भगवा चेहरे का इसमें नाम नहीं। जो महिला मोर्चा यहां राजनीति के हर मोर्चे पर तैयार मिलता है उस महिला मोर्चा के किसी चेहरे का नाम महिला आयोग के किसी कॉलम में नहीं आया। गोसेवा आयोग का गठन हुआ तो यहां भी झांसी, कुशीनगर, बस्ती, मुरादाबाद, महोबा और फिरोजाबाद के नाम तो हैं लेकिन गाजियाबाद यहां भी सीन में कहीं नहीं है। उससे पहले ओबीसी आयोग में भी गाजियाबाद गायब रहा है। सवाल यही उठ रहा है कि आखिर गाजियाबाद के भाजपाईयों से ऐसी क्या गलती हो गई है कि पूरे यूपी में कृपा हो रही है, लेकिन गाजियाबाद में कृपा नहीं हो रही। लघु उद्योग वाले आयोग में यहां से एक नाम चर्चा में चला था फिर इस नाम को पछाड़ते हुए आगरा वाला नाम आ गया। सवाल यही है कि आखिर यहां के चेहरों पर कब इनायत होगी।

**‘आयोग में नहीं बन रहा गाजियाबाद का योग’**

### पैरवी है कमजोर तभी गाजियाबाद हो गया इग्नोर

सबसे बड़ा जनादेश गाजियाबाद से मिला। यहां की भाजपा जिंदाबाद है, लेकिन इन सब के बावजूद गाजियाबाद क्यों कमजोर है। पिछली बार यहां से बलदेवराज शर्मा, अशोक गोयल और राजनारायण शुक्ला को स्थान मिला था। इस बार राजनारायण शुक्ला तो एडजस्ट हुए हैं, लेकिन बाकी चेहरे इग्नोर हैं। भाजपा वाले ही बता रहे हैं कि असल में यहां वालों की पैरवी ही कमजोर है। संगठन और जनप्रतिनिधि कमजोर पड़ रहे हैं। तभी यहां के चेहरे इग्नोर हो रहे हैं। अगर पैरोकार कमजोर होंगे तो तैरवी कमजोर होगी और एक लॉबी का कहना है कि संगठन मंत्री से लेकर अन्य चैनल से नामों की पैरवी होनी चाहिए। तभी तो बात बनेगी। बहरहाल गाजियाबाद इग्नोर चल रहा है।

## नंदग्राम, मोदीनगर और क्रॉसिंग रिपब्लिक में आए एक सप्ताह में धर्मांतरण के तीन मामले

### पुलिस ने की कार्रवाई और खुफिया विभाग हुआ अलर्ट

### पुलिस कर रही है तीनों मामलों की गहनता से जांच


नंदग्राम के आरोपियों की फाइल फोटो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बने लगभग दो साल का समय होने जा रहा है।

बीते दो सालों के दौरान गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन में एक के बाद एक थानाक्षेत्र में धर्मांतरण के मामले पुलिस की टेंशन बढ़ाने का काम कर रहे हैं। वहीं बीते एक सप्ताह के दौरान पहले सिटी जोन के नंदग्राम थानाक्षेत्र में, तो फिर देहात जोन के थाना मोदीनगर और क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में आए धर्मांतरण के मामले ने खुफिया विभाग को भी अलर्ट कर दिया है। उत्तर प्रदेश में आने वाले समय में कई सीटों पर उपचुनाव होना है, तो गाजियाबाद में भी विधानसभा उपचुनाव से पहले इस तरीके के मामले लगातार लखनऊ और दिल्ली के अधिकारी भी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### नंदग्राम, मोदीनगर और क्रॉसिंग के मामलों में मिशनरी लिंक निकला

करंट क्राइम : नंदग्राम थानाक्षेत्र के सेवा नगर में जिस तरीके से एक मिशनरी स्कूल के पीटीआई और उसके कई साथी लोगों को इलाज के नाम पर गुमराह करते हुए पैसों की पेशकश के साथ धर्मांतरण करने का काम कर रहे थे। तो मोदीनगर के बाद क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में पैसे और बीमारी के इलाज के नाम पर धर्मांतरण के मामले पुलिस के लिए नई टेंशन बन गए हैं। क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने इस मामले में कई जगह रेड की है लेकिन मुख्य आरोपी अभी फरार है जबकि इसमें कई सहयोगी गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनों ही मामलों में ईसाई धर्म के लोगों द्वारा मिशनरी से जुड़े लोग धर्म परिवर्तन का यह पूरा एजेंडा चला रहे थे।

### तीनों ही मामलों में हिंदू संगठनों की जागरूकता के बाद जागी थी पुलिस

करंट क्राइम : तीनों थानाक्षेत्र में भी हिंदूवादी संगठनों ने ही पूरे मामले की पुलिस को शिकायत की थी। तो वहीं एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने बताया है कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि डूड़ाहेड़ा में हिंदू समाज के लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। बताया गया है कि इलाके में एक धार्मिक किताब का प्रचार किया जाता है। पैसे और बीमारी ठीक करने के लिए नाम पर धर्मांतरण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि डूंडाहेड़ा के शांति नगर पुलिस जब पहुंची थी, तो मुख्य आरोपी राजू पादरी पुलिस को नहीं मिला लेकिन पुलिस ने मुख्य सहयोगी पंकज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उससे तमाम तरीके की पूछताछ और डाटा रिकवर किया है। साथ ही आसपास के लोगों के बयान भी इस पूरे मामले में दर्ज कराए गए हैं। कुल मिलाकर बता दें कि बीते एक सप्ताह के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीन थानाक्षेत्र में जिस तरीके से धर्मांतरण के मामले सामने आए हैं, उससे पुलिस और खुफिया विभाग का अलर्ट बढ़ गया है।



## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बना दिया रिटायरमेंट के दिन को यादगार

### दिया आजीवन सहयोग का वचन और विदा किया देकर उपहार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का अंदाज कर्मचारियों से लेकर आम जनता के बीच बेहद लोकप्रिय है। रिटायरमेंट जैसे पल को उन्होंने यादगार बनाया। एक सुंदर परम्परा की शुरूआत की। रिटायरमेंट की परम्परा को उन्होंने और अधिक अपनेपन के भाव से जोड़ा है।

नगर निगम के दो कर्मचारी उदल सिंह, द्वितीय श्रेणी लिपिक, रिकार्ड रूम और उद्यान विभाग के माली जय सिंह का रिटायरमेंट हुआ तो यहां नगर आयुक्त के निर्देशों का असर दिखाई दिया। उन्होंने इन दोनों कर्मचारियों के रिटायरमेंट के दिन को यादगार बनाया। दोनों कर्मचारियों को रामायण भेंट की गई और अन्य पुरूस्कार भी नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा भेंट किये गये।

### नगर आयुक्त का है आदेश कर्मचारी अकेला महसूस ना करें, निगम परिवार है उनके साथ

करंट क्राइम। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार रिटायरमेंट की प्रक्रिया को बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें रिटायरमेंट होने वाले कर्मचारियों के सगे संबंधित मित्र व परिवार जनों का भी निगम पर बुलाकर सम्मान किया जाता है तथा सम्मानपूर्वक कर्मचारियों को विदा दी जा रही है इसी क्रम में उद्यान विभाग तथा रिकॉर्ड रूम के दोनों कर्मचारियों को विदा दी गई गाजियाबाद नगर निगम से सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी की जितने भी देयता है उन सब की कार्यवाही जल्द से जल्द पूर्ण की जाए संबंधित विभाग को भी निर्देश दिए, ऐसे कर्मचारी जिनका रिटायरमेंट हो चुका है या जिनका रिटायरमेंट होने वाला है वह अपने आप को अकेला महसूस ना करें गाजियाबाद नगर निगम परिवार उनके साथ है और नियम अनुसार कार्रवाई के लिए हमेशा तैयार है सदैव कर्मचारियों का ध्यान रखा जाएगा उपस्थित जनों को मोटिवेट किया गया। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र तथा व अन्य पदाधिकारी द्वारा पुष्प व माला भेंट करते हुए, विदाई समारोह रिटायरमेंट कर्मचारियों का सम्मान किया गया मौके पर उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी उपस्थित रहे।

## आज से देखें कवि नगर में संपूर्ण रामलीला, भगवान श्रीराम जन्म से लेकर रावण के अंत का होगा मंचन

### सज गया है रामलीला का बाजार और शुरू हो गई है झूलों की सवारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर में आयोजित होने वाली श्री धार्मिक रामलीला समिति की रामलीला महोत्सव 2024 का वैसे तो शुभारंभ हो गया है लेकिन आज मंगलवार से पूरे 11 दिनों के लिए यहां इस बार विशेष रूप से संपूर्ण रामलीला महोत्सव का लोगों को आनंद मिलेगा। रामलीला का प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से मंचन होगा और यहां भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर लंका के राजा रावण के अंत तक का मंचन प्रतिदिन नई दिल्ली श्रीराम कला केंद्र मंडी हाउस की टीम के कलाकार दिव्या एवं अलौकिक प्रदर्शन का काम करेंगे। कवि नगर की श्री धार्मिक रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने बताया है कि कवि नगर रामलीला में ऐसा प्रयोग पहली बार किया जा रहा है, जहां पूरी रामलीला को केवल तीन घंटे में मंच पर अनुभवी कलाकारों द्वारा भव्य रूप से प्रदर्शित की जाएगी।







### झपटमारों और मनचले की निगरानी के लिए सीसीटीवी का सहारा

करंट क्राइम : रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने पुलिस के सहयोग के लिए यहां बड़ी संख्या में अलग-अलग स्थान पर सीसीटीवी लगाए हैं ताकि मेले में आने वाली महिलाओं के साथ कोई हरकत ना हो। साथ ही मनचले और झपटमार लोगों के मोबाइल, पर्स व कीमती सामान पर हाथ साफ करने वाले गिरोह पर भी नजर रखी जा सके। इसके साथ ही यहां अग्निशमन विभाग की ओर से एक दमकल की गाड़ी और पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

### बिग स्क्रीन पर लाइव चलेगा रामलीला का एक-एक सीन

करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली श्री धार्मिक रामलीला समिति की ओर से इस बार रामलीला महोत्सव 2024 में संपूर्ण रामलीला का मंचन किया जा रहा है। यह 3 घंटे तक चलेगी, खास बात यह है कि यहां बड़ी स्क्रीन पर मंच वाला हर सीन दिखाया जाएगा। जिसमें भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर सीता हरण और लंका दहन और रावण के अंत तक के एक-एक सीन का मंचन किया जाएगा। वहीं भरत मिलाप और राम मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के राजतिलक का भी वर्णन किया जाएगा।

### गोल चक्कर में विष्णु चक्र बन गया सेल्फी का पॉइंट



करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में श्रीधार्मिक रामलीला समिति हर बार कुछ ना कुछ नया ऐसा केंद्र बनती है जो लोगों की सेल्फी का पॉइंट बनता है। पिछली साल रामलीला समिति ने गोल चक्कर में पानी और लाइटिंग के बीच भगवान श्रीराम के धनुष और हनुमान जी की गदा को लगाया था। तो इस बार भगवान विष्णु के चक्र वाले स्टैचू को बनाया गया है। इसके साथ ही पूरे गोल चक्र के आसपास रंग बिरंगी लाइटिंग और सजावट की गई है, जो रामलीला मैदान कवि नगर में आने वाले लोगों को दूर से ही आकर्षित करती है। यह लोगों के रील पॉइंट भी बन गया है, यहां लोग जमकर सेल्फी भी ले रहे हैं।

### सुरक्षा का रहेगा पर्याप्त बंदोबस्त, बनाए गए चार पार्किंग स्थल





करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि कवि नगर रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की शाम से लेकर रामलीला समाप्ति तक के लिए प्रतिदिन ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पीएसी के जवानों को भी यहां मुस्तैद किया गया है। यहां थाना प्रभारी और अतिरिक्त निरीक्षक के साथ ही महिला सब इंस्पेक्टर भी ड्यूटी को अंजाम देगी। एसीपी कवि नगर ने बताया है कि किसी प्रकार के जाम और पार्किंग की अव्यवस्था से बचने के लिए चार स्थानों पर यातायात पुलिस के सहयोग से यहां पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। जहां बड़ी संख्या में लोग अपने वाहन खड़ा कर सकते हैं। इसके साथ ही यातायात पुलिस के जवानों की भी रामलीला मैदान के तीनों गेट के आसपास ड्यूटी लगाई गई है ताकि जाम व अव्यवस्था से निपटा जा सके।

# कांग्रेस के बड़े नेताओं के सामने भिड़े कार्यकर्ता, जमकर चले लात-घूंसे

## देखते रहे प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित जनसभा में कांग्रेस कार्यकर्ता वरिष्ठ नेताओं के सामने ही भिड़ गए। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी मौजूद थे। प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के सहसों लाला बाजार में रविवार को आयोजित कांग्रेस की जनसभा में पार्टी कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए। देखते ही देखते दो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। हाथापाई के बीच वरिष्ठ नेताओं ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि अति उत्साह में कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। पार्टी के भीतर कोई विवाद नहीं है। फूलपुर में उपचुनाव से पहले आयोजित संविधान सम्मान सममेलन में रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पहुंचे थे। इस दौरान उपचुनाव में टिकट के दावेदारों में भी जोर आजमाइश के लिए होड़ लगी थी। मामले में तमाम दावेदार समर्थकों के साथ पहुंचे थे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव और वरिष्ठ नेता मनीष मिश्र भी दावेदारों में शामिल हैं। दोनों दावेदारों के समर्थक जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। इसी दौरान एक दावेदार के समर्थक का दूसरे से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों ओर से लात घूसे चलने लगे। मौके पर अफरातफरी मच गई।

कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई और हंगामे को देखकर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस विधान मंडल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंच से नीचे उतर कर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी जब दोनों पक्ष शांत नहीं हुए तो वे कार्यकताओं के बीच नीचे बैठ गईं।

फिर दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया गया। इस संबंध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि कार्यकताओं में काफी ज्यादा उत्साह था। इस कारण वे आमने-सामने आ गए। उनके बीच किसी तरह का कोई झगड़ा नहीं है। उन्हें समझा दिया गया है।

दूसरी ओर कांग्रेस की सभा में कार्यकताओं के बीच हुई मारपीट को लेकर इलाके में दिन भर चचाओं का बाजार गर्म रहा। फूलपुर इलाके के बाजार व चौराहों पर लोग दिनभर चर्चा करते रहे। वहीं सोशल मीडिया पर भी मारपीट का वीडियो वायरल होता रहा।

# श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर ने मां भगवती की अलौकिक चौकी का आयोजन धूमधाम से किया

## गायक लखबीर सिंह लक्खा ने माता की सुन्दर भेंटों से बांधा समां, मंत्रमुग्ध हुए भक्तगण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मां भगवती की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से सोमवार को श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी.) कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के अंतर्गत मां भगवती की अलौकिक चौकी का आयोजन धूमधाम से किया गया। सुनील मिगलानी, सी.एम.डी., मिगसन ग्रुप एवं परिजनों द्वारा सायं 7.00 बजे ज्योति प्रचंड की गयी। मां ज्वाला जी, हिमाचल प्रदेश से लाई गई पावन ज्योति द्वारा माता की ज्योति प्रचंड की गयी। इस चौकी में मां भगवती के परम भक्त एवं पार्श्व गायक लखबीर सिंह लक्खा ने माता की सुन्दर भेंटों से सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो आदि भेटों पर सभी भक्त झूम उठे। चौकी में आये माता के भक्तों द्वारा लगाये गये जयकारों से समस्त रामलीला मैदान गूंज उठा।

देर रात तक चली माता की चौकी के पश्चात चौकी में आये सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। लीला में अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा, मंत्री गुलशन बजाज, कोषाध्यक्ष अवनीश गर्ग, अजय जैन, वेद प्रकाश माकड़, विवेक मित्तल, सुशांत चोपड़ा, दिवाकर सिंघल, मंच मंत्री पवन गुप्ता, तरुण चौटानी, गौरव चोपड़ा, नवेन्दु सक्सेना, आनन्द गर्ग, दिव्यांशु सिंघल आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### झगड़े में घायल दूसरे व्यक्ति की भी मौत

**लोनी, करंट क्राइम।** मजदूरी के पैसे को लेकर लोनी थाने की कंचन पार्क कॉलोनी में गत दिनों दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक ओर घायल युवक ने भी रविवार को दम तौड़ दिया। उसके सिर में गहरी चोट लगी थी तथा घर में ही उसका उपचार चल रहा था। लोनी थाने की कंचनपार्क कॉलोनी निवासी फरजाना कपडों के धागे काटने आदि का काम करती है। उसका पडोसी शाजिद उसे काम लाकर देता था। 28 अगस्त 2024 की रात 10 बजे फरजाना अपनी मजदूरी के पांच सौ रुपए लेने शाजिद के घर गई थी। शाजिद ने उसे पैसे देने से इंकार करते हुए अपने घर से निकाल दिया। इसी दौरान शाजिद और उसके परिजन सलमान, अरशद और फरजन हाथों में चाकू, लोहे की रॉड आदि लेकर बाहर आ गए तथा फरजाना के परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। जिसमें मेहराज, शोहेब, सिराज तथा रियाजू को गंभीर चोटे लगी। चाकू के वार लगने के कारण मेहराराज की गत दिनों दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में मौत हो गई थी। जबकि रियाजू के सिर पर गहरी चोट थी। उसका घर पर ही उपचार चल रहा था। रविवार को रियाजू की भी मौत हो गई।

### संघ कार्यकर्ता के घर के बाहर फायरिंग के आरोपी गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** पुलिस ने संघ कार्यकर्ता के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 27 सितम्बर को जवाहरनगर कॉलोनी निवासी भानेन्द्र चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 सितम्बर की शाम 7.20 बजे उनके घर के बाहर बाइक सवार दो बदमाश फायरिंग कर भाग गए थे। जिसमें बंटी और विशू उर्फ विशाल का नाम प्रकाश में आया था, दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा और गोली का खाली खोखा बरामद हुआ है।

### पारदी गैंग के चार शातिर अपराधी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच और लोनी बार्डर पुलिस ने गत दिनों सुनार की दुकान में चोरी करने वाल पारदी गैंग के चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर 50-50 हजार रुपए का ईनाम घोषित था तथा दोनों पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 10 जनवरी 2024 की रात लोनी बार्डर थाना क्षेत्र में बेहटाबंद फाटक के पास सोनू की गहनों की दुकान का शटर तौड़कर बदमाशों ने लाखों रुपए के सोने चांदी के गहने और सिक्के आदि चोरी कर लिए थे। इनके दो साथी विनोद पारदी और राहुल पारदी भी गिरफ्तार हुए है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह विभिन्न राज्यों में खिलोने, फूलों के गुलदस्ते आदि की फेरी लगाकर रैकी करते हैं तथा रात में वारदात को अंजाम देते हैं।

### शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने आए युवकों के साथ मारपीट

**लोनी, करंट क्राइम।** इंद्रप्रस्थ के एक स्कूल में आयोजित सीबीएसई कल्सटर शूटिंग प्रतियोगिता में अपने दोस्त को शामिल कराने आए मेरठ के युवक और उसके दोस्त के साथ स्कूल के गार्डों ने जमकर मारपीट की। युवक का दांत टूट गया। पीड़ित ने स्कूल के गार्डों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। आरोप है कि प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद शाम को करीब 7.30 बजे वह और उसकास दोस्त स्कूल के मुख्य द्वार से बाहर निकलने लगे, इसी दौरान गेट पर खडे स्कूल के गार्ड ने उन्हें जबरन रोक लिया और बाहर नहीं आने दिया। विरोध करने पर गार्ड ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने 28 सितम्बर को लोनी बार्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### युवती को गोली मारकर भाग गए बदमाश

**लोनी, करंट क्राइम।** युवती को बदमाशों ने पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। बदमाश उसके पिता के विषय में पूछताछ कर रहे थे। ट्रॉनिका सिटी थाने की राजनगर कॉलोनी का रहने वाले मंजूर ने बताया कि 28 सितम्बर की शाम 8.30 बजे उसकी बेटी ईरा उसके कत्तर के गोदाम को बंद कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश उसके पास पहुंचे और उससे मंजूर के विषय में पूछताछ करने लगे। इसी दौरान एक बदमाश ने ईरा के पैर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। मंजूर ने अगरौला गांव के प्रदीप, प्रवीन और सुजीत पर गोली चलाने की आशंका प्रकट करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# मंत्री सौरभ भारद्वाज और पूर्व उप मुख्यमंत्री सिसोदिया ने पटपड़गंज की सड़कों का लिया जायजा



**नई दिल्ली।** मंत्री सौरभ भारद्वाज और पटपड़गंज से विधायक मनीष सिसोदिया ने इलाके की सड़कों का जायजा लिया। दिवाली से पहले दिल्ली की सड़कों की हालत सुधारने के लिए दिल्ली के मंत्री और पूर्व उप मुख्यमंत्री सिसोदिया सरकारी अभियान के तहत सड़कों पर उतर आये हैं। आज सवेरे मंत्री सौरभ भारद्वाज और पटपड़गंज से विधायक मनीष सिसोदिया ने इलाके की सड़कों का जायजा लिया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर मैंने और सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली की कुछ सड़कों का निरीक्षण किया है। हमने देखा कि कई सड़कें खराब हालत में थीं। कुछ जगहों पर पिछले 7-8 महीने से काम चल रहा था और सड़क खोदी गई थी। कुछ स्थानों पर गड्ढे खुले छोड़ दिए गए हैं। हम इस पर काम करेंगे और सड़कों का नवीनीकरण किया जायेगा। बीजेपी ने दिल्ली की जनता को परेशान करने के लिए दिल्ली की सभी सड़कें बर्बाद कर दी हैं...अब जब अरविंद केजरीवाल वापस आ गए हैं तो सभी रुके हुए काम जल्द पूरे किए जाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने सीएम के साथ-साथ सभी मंत्रियों को इस पर काम करने का निर्देश दिया है। पिछले सप्ताह पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दो अलग-अलग सड़कों का दौरा किया था। इसके बाद टूटी सड़कों को लेकर सीएम को पत्र लिखा था। इस संबंध में रविवार को मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में सड़कों की स्थिति सुधारने को लेकर मंथन किया। दिल्ली सचिवालय में सभी मंत्रियों और पीडब्ल्यूडी के साथ बैठक में सीएम ने निर्णय लिया कि सोमवार से पूरी कैबिनेट स्थानीय विधायकों और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ सड़कों पर उतरेगी।

मंत्री एक-एक सड़क का मूल्यांकन करेंगे। इस दौरान देखा जाएगा कि किस सड़क की मरम्मत करनी है या दोबारा बनानी है। एक सप्ताह में मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। अगले सप्ताह से सड़कों को ठीक का काम शुरू हो जाएगा।

# बिजली, पानी और अच्छी सड़क देने में दिल्ली सरकार विफल : आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार सोमवार सुबह से दिल्ली की खस्ताहाल सड़कों का निरीक्षण करने के लिए पहुंची। मुख्यमंत्री आतिशी के साथ मंत्रिमंडल के सभी सदस्य विधानसभा क्षेत्रों में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ दिखाई दिए। दिल्ली सरकार ने खस्ताहाल सड़कों को जल्द से जल्द ठीक करने की घोषणा की है। दिल्ली सरकार के इस दावे पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा है कि दिल्ली सरकार दिल्ली के लोगों को बिजली-पानी और अच्छी सड़क देने में विफल रही है। आईएएनएस से बातचीत के दौरान भाजपा प्रवक्ता ने कहा, दिल्ली सरकार दिल्ली में तीन स्तरों पर विफल रही है। किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होती है कि वह लोगों को पानी-बिजली और अच्छी सड़क दें। लेकिन, दिल्ली में बिजली की समस्या चल रही है।

# भीम ज्ञान चर्चा की महिला शक्ति टीम द्वारा संकल्प दिवस मनाया




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भीम ज्ञान चर्चा की महिला शक्ति टीम इंदरगढ़ी द्वारा भीम संकल्प दिवस पंचशील फार्म हाउस में मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता निर्देश दीदी व दीपशिका बौद्ध रही। प्रोग्राम की अध्यक्षता कर रही सुषमा बौद्ध ने अपनी सभी महिला टीम के साथ मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओंका फूलमाला पहनाकर व पंचशील का पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रोग्राम मे आए सभी वक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर प्रकाश डालते हुए उनके संकल्प दिवस के बारे में विस्तार से बताया। प्रोग्राम में सम्मिलित हुए ग्राम वासियों ने वक्ताओं को बहुत ध्यान से सुनते हुए तालियो की गूंज के साथ सराहना करते हुए स्वागत किया। और कहा कि हम सब बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा बताए गए रास्तों पर चलेंगे। इस प्रोग्राम में मुख्य वक्ता के रूप में मुरादाबाद से आई निर्देश दीदी, दीपशिखा बौद्ध, ,रोमा बौद्ध ,व बबीता धींगान के साथ-साथ अंबेडकरवादी विचारों को विद्वान महिलाओं द्वारा संबोधित किया गया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में विशेष योगदान पिंकी बौद्ध ,कृष्ण बौद्ध ,मंजू गौतम , पूनम बौद्ध,राजेश्वरी, शारदा ,रेनू गौतम, पूनम गौतम,मंजू मुखी का रहा, इस प्रोग्राम की अध्यक्षता सुषमा बौद्ध द्वारा की गई।

# कोणार्क एन्क्लेव वसुंधरा में उच्च अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की गई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम वसुन्धरा की टीम द्वारा लगभग 2 महीने के अंतराल के बाद सेक्टर 17, कोणार्क एन्क्लेव, वसुन्धरा में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की गई। नगर निगम की टीम ने जलकल के एई आस कुमार द्वारा निर्देश दिए जाने के बाद स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की, जिनकी जिम्मेदारी स्ट्रीट लाइटों की निगरानी की भी है। कोणार्क एन्क्लेव हाउसिंग ब्लॉक डी और ई के निवासियों के अनुसार, बारिश के बाद कई स्ट्रीट लाइटें काम नहीं कर रही थीं और मरम्मत लंबित थी। स्थानीय निवासी प्रसून पंत, जिन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों के बारे में निगम के उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी, ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एक नियमित मामला होना चाहिए, लेकिन विभाग के वसुंधरा जोन के अधिकारी ऐसा नहीं करते हैं और चूंकि यह क्षेत्र हिंडन नहर के ग्रीन बेल्ट की परिधि में है, यहां अंधेरे में रात के समय निकलना काफी जोखिम भरा हो जाता है। आरडब्ल्यूए सदस्य डीआर सेमवाल के मुताबिक वह काफी समय से वसुंधरा जोन के लाइट विभाग से संपर्क कर रहे थे, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार निगम मुख्यालय के उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करा दी गई है, हालांकि कुछ लाइट खराब हैं जिन्हें बदलने की मांग रखी गई है। कोणार्क एन्क्लेव की आरडब्ल्यूए जिसमें डीआर सेमवाल, पीएस कठायत, संतोष नायर, धर्मेंद्र पटवाल आदि शामिल थे, ने अल्प सूचना पर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने के लिए निगम के प्रकाश सहायक प्रभारी और प्रभारी का धन्यवाद किया।

# महबूबा मुफ्ती ने इस्राइल पीएम नेतन्याहू को बताया आतंकवादी



**जम्मू।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह के प्रति प्रेम दिखा। मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को एडोल्फ हिटलर के बाद सबसे बड़ा आतंकवादी कहा है। क्योंकि यहूदी नेता ने फिलिस्तीन और लेबनान को गैस चैंबर बना दिया है।

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के बडगाम में इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) द्वारा हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। काफी संख्या में लोगों ने सड़कों पर उतरकर इजरायल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उधर, पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने रविवार को होने वाले सभी चुनाव प्रचार अभियान रद्द कर दिया था।

### भाजपा का महबूबा मुफ्ती पर हमला

उधर, जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता कविंदर गुप्ता ने कहा, 'हसन नसरुल्लाह की मौत पर महबूबा मुफ्ती को इतनी तकलीफ क्यों हो रही है ? जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमला किया जाता है और उन्हें मार दिया जाता है, तो वे चुप हो जाती हैं। ये मगरमच्छ के आंसू हैं और लोग इसके पीछे की मंशा को समझते हैं।'

### हिजबुल्ला के कई शीर्ष कमांडर और हसन नसरल्ला की बेटी जैनब की भी मौत

आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्ला का शीर्ष कमांडर अपने अन्य सहयोगियों के साथ इस्राइल पर हमले की योजना बना रहा था, उसी दौरान हुए हमले में नसरल्ला और हिजबुल्ला के कई अन्य शीर्ष कमांडर्स की मौत हो गई। इससे पहले इस्राइली हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल यूनिट के प्रमुख मोहम्मद अली इस्माइल और उसके डिप्टी हुसैन अहमद इस्माइल के मारे जाने की खबर आई थी। साथ ही हसन नसरल्ला की बेटी जैनब नसरल्ला की भी मौत होने का दावा किया गया। बीते दिनों लेबनान में हुए हमलों में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट फोर्स का प्रमुख मोहम्मद कबीसी भी कई अन्य शीर्ष कमांडर्स के साथ मारा गया था।

### जमीन के भीतर मौजूद हिजबुल्ला के ठिकाने को किया तबाह

इस्राइली सेना ने शुक्रवार को लेबनान की राजधानी बेरूत में कई ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इन हमलों में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस्राइली सेना ने बयान जारी कर कहा कि उनके हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला और हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे का प्रमुख अली काराकी कई अन्य कमांडर्स के साथ मारा गया है। इस्राइली सेना ने बताया कि बेरूत के दक्षिणी उपनगर में हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया गया था, जो रिहायशी इमारतों के नीचे जमीन के भीतर मौजूद था।

# चौथे दिन भी भाकियू का धरना जारी, थाने में बैल बांधे

## टेंट लगाने को लेकर पुलिस से नोकझोंक

**मेरठ।** मेरठ के परतापुर थाने में भारतीय किसान यूनियन का धरना चौथे दिन भी जारी है। रविवार को किसानों ने थाने में टेंट लगाने का प्रयास किया, तो वहीं शाम को बैल बांध दिया और बग्गी खड़ी कर दी। मेरठ के परतापुर थाने में भाकियू का धरना चौथे दिन भी जारी है। मोहिउद्दीनपुर गन्ना समिति में डेलीगेट के चुनावों में 102 नामांकन खारिज किए जाने के खिलाफ भाकियू के नेतृत्व में किसान शुक्रवार से परतापुर थाना परिसर में धरने पर बैठे हैं। धरने पर बैठे विजयपाल घोपला का कहना है कि वह तीन दिन से भूख हड़ताल पर हैं।

किसानों ने मुख्य चुनाव अधिकारी और गन्ना समिति सचिव पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगा केस दर्ज करने की मांग की। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी शहर बृजेश सिंह को ज्ञापन भी सौंपा। भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि मोहिउद्दीनपुर गन्ना समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी और गन्ना समिति सचिव ने जालसाजी करके चुनाव को प्रभावित किया है। बिना मतदाता के डेलीगेट का नामांकन दाखिल कराकर निर्विरोध डेलीगेट चुन लिए गए हैं। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।





### थाने में टीन शेड लगवाने का रखा प्रस्ताव

खुले आसामान के नीचे धरना होने के कारण किसान नेताओं ने थाना परिसर में क्षेत्रवासियों के सहयोग से टीन शेड लगवाने का प्रस्ताव थाना प्रभारी को दिया है। त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व किसान नेता मांगेराम त्यागी ने पत्रकार वार्ता में भाजपा नेताओं पर गन्ना समिति के चेयरमैन के चुनाव में त्यागी समाज की घोर अपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में एक भी चेयरमैन नहीं है। मलियाना शुगर मिल की समिति के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नितिन त्यागी रासना को समर्थन और आश्वासन के बाद भी अंतिम समय में एक अयोग्य को समर्थन दिया जा रहा है, जो सरासर गलत है।

### टेंट लगाने को लेकर पुलिस से नोकझोंक, थाने में बैल बांधे

थाना परिसर में रविवार शाम भाकियू कार्यकताओं ने टेंट लगाने का प्रयास किया। इस दौरान कार्यकताओं की पुलिस से नोकझोंक हुई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसडीएम सदर कमल किशोर, एडीएम सिटी ब्रजेश कुमार सिंह और एडीएम प्रशासन बलराम सिंह सिंह थाने पर पहुंचे। वह बैल और बग्गी लेकर पहुंचे और बैल को थाने में ही बांध दिया।

### गाजीपुर बार्डर की तर्ज पर चलेगा धरना : अनुराग चौधरी

परतापुर थाना परिसर में रविवार शाम पत्रकार वार्ता में भाकियू के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने कहा कि गाजीपुर बार्डर पर धरना तेरह महीनों तक चला परतापुर थाने में भी धरना गाजीपुर बार्डर की तर्ज पर चलेगा। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। यह लड़ाई आम किसान की है। डेलीगेट किसान की मर्जी से चुना जाना चाहिए। ऐसा लग रहा है कि आंदोलित किसानों के बीच कोई गैंग सक्रिय है जो पुलिस और प्रशासन से भी जुड़ा है।

# अयोध्या गैंगरेप मामले में नया मोड़, सपा नेता मोईद खान का डीएनए नहीं हुआ मैच

**लखनऊ।** अयोध्या गैंगरेप मामले में नया मोड़ आया है। आरोपी सपा नेता का डीएनए मैच नहीं हुआ है जबकि उसके नौकर राजू खान का डीएनए मैच कर गया है। अयोध्या में नाबालिग बालिका के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में नया मोड़ आ गया है। वारदात के मुख्य आरोपी बताए गए सपा नेता मोईद खान का डीएनए मैच नहीं हुआ है जबकि उसके नौकर राजू की डीएनए रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब सामूहिक दुष्कर्म मामले में किसी एक आरोपी का डीएनए मैच होने पर मुकदमा चलेगा। बता दें कि इस बहुचर्चित मामले के प्रकाश में आने पर प्रदेश सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी मोईद को गिरफ्तार कर लिया था और अयोध्या स्थित उसके शॉपिंग कांप्लेक्स पर बुलडोजर चला दिया गया था। वहीं, सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता का लखनऊ के केजीएमयू के क्वीन मेरी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने गर्भपात कराया था। हालांकि, यह पहले ही कहा जा रहा था कि डीएनए टेस्ट के आधार पर ही आरोपी सपा नेता नहीं बच सकेगा। दोनों में किसी एक आरोपी का भी डीएनए मैच हुआ तो दोनों ही कार्रवाई की जद में आएंगे। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में बेकरी मालिक व सपा के भदरसा नगर अध्यक्ष मोईद खान और उनके नौकर सीतापुर निवासी राजू के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# राम रहीम के पैरोल पर भाजपा नेता सुनील सांगवान बोले, 'हर कैदी को पैरोल मांगने का अधिकार'

**चरखी दादरी।** हरियाणा चुनाव के बीच यौन शोषण और हत्या मामले में 20 साल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम ने सरकार से इमरजेंसी पैरोल मांगी है। उन्होंने हरियाणा में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 20 दिन की पैरोल मांगी है। इस पर पूर्व जेल अधीक्षक और भाजपा नेता सुनील सांगवान ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 135/पु0नि0सू0/2024–25 दिनांक : 30.09.2024

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति उपरान्त गाजियाबाद नगर निगम सीमान्तर्गत ऐलीवेटिड रोड की पथ प्रकाश व्यवस्था के अनुरक्षण कार्य एवं प्रकाश विभाग मे पथ प्रकाश सम्बन्धित विभिन्न कार्यों हेतु उत्तर प्रदेश की ई0–निविदा की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से **दिनांक 03.10.2024 से दिनांक 09.10.2024** तक **सायं 3:00 बजे** तक आमंत्रित है। उक्त कार्य की तकनीकी निविदायें **तद्दिनांक 09.10.2024** को **सायं 4:00 बजे** खोली जायेगी। निविदा शुल्क व जमानत धनराशि ऑनलाईन जमा कराकर उसकी रसीद की छायाप्रति निविदा के साथ अपलोड करनी अनिवार्य है, साथ ही शासनादेश के पत्र सं0–संख्या–11593/नौ–5–2021–142 सा/2021 नगर विकास अनुभाग–5 **दिनांक 07.01.2022** के क्रम में 10 प्रतिशत से अधिक कम दरें प्राप्त होने पर निविदादाता को कार्य के प्रति परफॉरमेन्स गांरटी F.D.R के रूप मे विभाग मे जमा कराना अनिवार्य होगा। यदि किसी निविदादाता द्वारा परफॉरमेन्स गांरटी कार्य के दरों के सापेक्ष जमा नही की जायेगी तो उसको नगर निगम की भविष्य में निविदाओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा एवं प्राप्त न्यूनतम निविदादाता की दरों पर विचार नहीं किया जायेगा। साथ ही पूर्व के शासनादेशों एवं समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन निविदादाता को करना अनिवार्य होगा। उक्त कार्यों हेतु नियम व शर्ते एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रभारी प्रकाश**
**गाजियाबाद नगर निगम**

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 01 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# थाने पर जीतू शर्मा को इंसाफ दिलाने पहुंचे सपाई, किसी ने कहा बैठ जाओ धरने पर, किसी ने कहा क्यों लड़ रहे हो बेमतलब की लड़ाई

## एसीपी कवि नगर से मिले सपा संगठन के लोग, कहा यह कार्रवाई नहीं है ठीक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा और उनके साथियों के खिलाफ कवि नगर थाना पुलिस ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर तेज आवाज में धरना प्रदर्शन और बिना अनुमति के प्रदर्शन कार्यक्रम करने को लेकर मुकदमा लिखा है। इस मुकदमे के दर्ज किए जाने के बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं और संगठन के पदाधिकारी एक नजर आए।

मुकदमें के विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के साथ ही पूर्व शहर सीट सबसे प्रत्याशी रहे विशाल वर्मा, सपा नेता मनोज पंडित एकत्रित होकर एसीपी कवि नगर के कार्यालय पहुंचे।

जहां एसीपी कवि नगर से इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं के दल ने मुलाकात की और कहा कि जिस तरीके से सपा नेता जीतू शर्मा पर मुकदमा लिखा गया है, यह ठीक नहीं है। इस दौरान सपा के नेताओं ने कहा है कि जीतू शर्मा लगातार अपनी आवाज को पार्टी और संगठन की तरफ से उठाते हैं। चाहे बच्ची की गुमशुदगी का मामला हो या ई- रिक्शा प्रकरण, मंदिर मार्ग का मामला हो या अन्य लोकल मुद्दा वह प्रमुखता के साथ किसी भी मुद्दे को उठाते हैं, इसीलिए पार्टी आज उनके साथ है।



### मुकदमे के बाद सपा के प्रमुख चेहरे आए कवि नगर थाने एक साथ

**करंट क्राइम ।** समाजवादी पार्टी के नेता जीतू शर्मा पर मुकदमा लिखे, जाने के बाद संगठन और सपा के प्रमुख चेहरे एक साथ सोमवार को नजर आए। सभी ने एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव से मुलाकात की, बातचीत कर उन्होंने पार्टी का पक्ष और विपक्ष के नाते किए गए इस प्रदर्शन आंदोलन और चेतावनी की बात को रखी है। तो उधर पुलिस के अधिकारियों की ओर से भी सपा के प्रतिनिधिमंडल को समझाया गया है कि मुकदमे की कार्रवाई कानून व्यवस्था के दायरे में की गई है। नियम है कि अगर कोई धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन देना है तो उसके लिए संबंधित अधिकारियों को पूर्व में सूचना दी जाए। परमिशन की आवश्यकता है, तो परमिशन भी प्राप्त की जाए। साथ ही इस दौरान यह बात भी निकाल कर आई है कि जब जीतू शर्मा द्वारा यह धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया था, तो उसमें ना तो संगठन की ओर से कोई था, ना कोई समाजवादी पार्टी का प्रमुख नेता इस दौरान नजर आया था।

### क्या संगठन ने दे दिया है खुलकर जीतू शर्मा का साथ



**करंट क्राइम ।** जिस तरीके से सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, प्रदेश सचिव और अन्य पदाधिकारियों ने कवि नगर थाने में एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव से मिलने के लिए पहुंचे। वह दर्शा रहा है कि जीतू शर्मा के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी ने यह संदेश देने का काम किया है कि वह जीतू शर्मा के साथ खुलकर है। अगर पार्टी का कोई नेता आवाज बुलंद कर रहा है तो वह संगठन और प्रमुख नेताओं की ही आवाज है।

### किसी ने दिखाया आक्रामक रुख, तो किसी ने सहजता से संभाली बात

**करंट क्राइम ।** समाजवादी पार्टी के कई प्रमुख नेता जिसमें प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, महानगर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, पूर्व विधानसभा क्षेत्र सीट प्रत्याशी विशाल वर्मा, मनोज पंडित मुख्य रूप से पहुंचे थे। इस दौरान समाजवादी पार्टी का यह प्रतिनिधिमंडल वातार्लाप कर रहा था, इस दौरान सपा नेता मनोज पंडित ने कहा कि इस पूरे मामले को लेकर हमें आक्रामक रुख अपनाना चाहिए। धरना, प्रदर्शन करना चाहिए। साथ ही अगर किसी अधिकारी का घेराव करना है, तो उसमें भी पीछे नहीं हटना चाहिए। तो वहीं हमेशा पक्ष-विपक्ष छोड़कर चलने वाले सरल और मधुर स्वभाव के लिए जाने जाने वाले समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने पहले सभी को समझाया और कहा कि अगर किसी मामले का हल बातचीत वार्ता और मुलाकात से होता है, तो हमें पहले वह करना चाहिए। हम यहां किसी बात के विवाद को बढ़ाने नहीं बल्कि जो जीतू शर्मा पर कार्रवाई हुई है, उसके बचाव और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर समाधान की वार्ता करने आए हैं। सपा नेता अभिषेक गर्ग ने सहजता के साथ पुलिस अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव से बातचीत की और समाजवादी पार्टी के नेताओं को भी उन्होंने पूरी बात समझने का बेहतर ढंग से प्रयास किया।

### जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कहा ई-रिक्शा के मामले को लेकर बनाएंगे मजबूत रणनीति



**करंट क्राइम ।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कहा है कि जिस तरीके से हापुड़ रोड पर पुलिस कमिश्नर द्वारा ई-रिक्शा को लेकर प्रतिबंध लगाया गया है। इसको लेकर समाजवादी पार्टी संगठन जल्द ही बड़ा फैसला लेगी। इसके लिए रणनीति बनाई जा रही है। बकायदा व्यापारी वर्ग से लेकर ई-रिक्शा संचालित करने वाले प्रमुख और उनके परिवारों से बातचीत की जा रही है । साथ ही आम लोगों की जेब और उनके बजट पर जो असर पड़ रहा है, उसको लेकर भी पूरा योजना बनाकर समाजवादी पार्टी कार्यक्रम जल्द करेगी।



### रही चर्चा जब मुकदमा होता है दर्ज, तब क्यों जीतू को आती है संगठन और नेताओं की याद

**करंट क्राइम ।** समाजवादी पार्टी के नेताओं का दल एसीपी से मिला। एसीपी कार्यालय में प्रवेश और वहां से मुलाकात करने के बाद सपा के नेताओं की थाने के भीतर भी मंत्रणा वाली स्थिति रही। इस दौरान सूत्रों से जो जानकारी मिली है, उसमें सभी लोग जीतू शर्मा के पक्ष में पहुंचे थे। सभी की भावनाएं और उसपर हुए मुकदमें की कार्रवाई का विरोध था लेकिन एक बात यह भी निकाल कर आई कि जब जीतू शर्मा किसी आंदोलन या प्रकरण को लेकर आगे आते हैं, तो वह संगठन और पदाधिकारियों को पूरा विवरण प्रदान नहीं करते हैं। जब उन पर मुकदमें लिखे जाते हैं, तो वह संगठन और प्रमुख चेहरों को याद करते हैं और फोन करते हैं और अपनी आवाज को वहां तक पहुंचाने का काम करते हैं ताकि उनका बचाव हो। उधर कहा यह भी जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के जीतू शर्मा उनचंद नेताओं में से हैं, जो लगातार विपक्ष में रहने के बावजूद भी सत्ता पक्ष के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हैं। कभी वो खुला पत्र लिखते हैं, तो कभी वह आंदोलन और घेराव की खुली चेतावनी भी देते हैं।

# लखनऊ समीक्षा बैठक में मिल गए इस बात के संकेत

## 7 से 12 अक्टूबर के बीच जारी होगी अधिसूचना, कार्यकर्ता रहें सचेत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को लखनऊ में भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से जिला अध्यक्ष, विधायक, सांसद और मेयर पहुंची। हजरतगंज के विश्वेश्वरैया भवन में आयोजित इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने सदस्यता अभियान की समीक्षा की। सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ अगले चरण के अभियान को लेकर रणनीति तैयार की गई। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ वाली समीक्षा बैठक में इस बात के संकेत कार्यकताओं को मिल गए हैं कि सात अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक के बीच में कभी भी चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है। जिन 10 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है वहां के कार्यकर्ता सचेत रहे। सदस्यता अभियान को लेकर सभी को दायित्व दिये गये हैं।



### कॉलेजों से लेकर शॉपिंग मॉल तक लगेगा सदस्यता अभियान

**करंट क्राइम।** भाजपा का पहले चरण का सदस्यता अभियान पूरा हो चुका है। पहले चरण में भाजपा ने बूथों पर सदस्यता अभियान चलाया और लखनऊ वाली समीक्षा बैठक में दूसरे चरण के सदस्यता अभियान को लेकर पूरा प्लान तैयार हो गया है। दूसरे चरण के सदस्यता अभियान में भाजपा कैंप लगाकर सदस्य बनाएगी। अब समूह में सदस्यता अभियान चलाना है। भाजपा कार्यकर्ता कॉलेजों में सदस्यता अभियान चलाएंगे वो शिक्षण संस्थानों में जाएंगे तथा शॉपिंग मॉल में भी कैंप लगाकर अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर भी कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलेगा। पहला चरण 23 सितंबर को पूरा हो चुका है और अब भाजपा का दूसरा अभियान शुरू होगा।

### विधायक, सांसद और मेयर करें अपना सदस्यता टारगेट पूरा

**करंट क्राइम।** लखनऊ वाली सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक में जहां कार्यकताओं और पदाधिकारियों से फीडबैक ली गई वहीं संगठन ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि कई जनप्रतिनिधि अपने टारगेट से भी बहुत पीछे चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि बैठक में जनप्रतिनिधियों से टारगेट पूरा करने की अपील की गई है। जो विधायक, सांसद और मेयर अभी तक अपना टारगेट पूरा नहीं कर पाए हैं वो सदस्यता अभियान के अपने टारगेट को पूरा कर लें।

### 26 नवंबर तक हो सकता है शहर विधानसभा का उपचुनाव

**करंट क्राइम।** लखनऊ वाली बैठक में अधिसूचना को लेकर संकेत मिल गए। ये संकेत मिले हैं कि सात अक्टूबर से 12 अक्टूबर के बीच में कभी भी अधिसूचना जारी हो सकती है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि 26 नवंबर तक गाजियाबाद शहर सीट पर उपचुनाव हो सकता है। सूत्र बताते हैं कि समीक्षा बैठक के बाद लखनऊ में उपचुनाव वाले जिलों की बैठक अलग से की गई। इस बैठक में चुनावी जिलों की संगठन तैयारियों की रिपोर्ट ली गई। बूथ की कमेटियों की फीडबैक ली गई और मोर्चा प्रकोष्ठ के सम्मेलनों का डाटा भी तलब हुआ।

### डेढ़ लाख से ऊपर की सदस्यता वाले जिलों में गाजियाबाद का पहला नाम

**करंट क्राइम।** अगर सदस्यता अभियान की बात करें तो यहां गाजियाबाद इस ट्रेक पर तेजी से चल रहा है। इसके मंडल अध्यक्ष, पार्षद और अन्य कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में अपना शत प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। पार्षदों की बात करें तो सचिन डागर कमिटमेंट पूरा करने वाले पहले पार्षद बने हैं। उन्होंने संगठन द्वारा दिये गये एक हजार को टारगेट को पूरा कर दिया। लोनी के नितिन मावी सदस्यता अभियान में आगे चल रहे हैं और ये वही प्रयास हैं जो गाजियाबाद को आगे रख रहे हैं। बताया जाता है कि जब डेढ लाख से ऊपर वाले आठ जिलों का नाम पुकारा गया तो गाजियाबाद पहले नंबर था। यहां भाजपा का सदस्यता अभियान तीन लाख सत्तर हजार को पार कर रहा है। अभी इसमें मिस्ड कॉल वाले सदस्य और ऑफलाइन वाले सदस्य जुड़ने बाकी है। ये माना जा रहा है कि इलेक्शन से पहले सदस्यता का कैलकुलेशन होगा और गाजियाबाद सदस्यता अभियान का अपना पांच लाख का लक्ष्य पूरा कर लेगा।

सशक्त भाजपा - विकसित भारत
सदस्यता अभियान-2024

# नदिया पार के भगवा कमिश्नर को निगम सुपरवाइजर का फरमान

## हमारे पार्क में आइंदा मत करना अपना कोई भी प्रोग्राम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वैसे तो लगातार दूसरी बार भाजपा की सरकार है और तकरार थमने का नाम नहीं ले रही। नदिया पार की बात करें तो यहां ठेली वाले की शिकायत पर नगर निगम के पार्षद को पुलिस ने जेल भेज दिया। पार्षद एकता का नारा काम नहीं आया और मेयर की किसी भी बात की केयर पुलिस अधिकारी ने नहीं की। भगवा पहलवान को नगर निगम के माली ने गाली दी और ऑडियो वायरल होने के बाद भी पहलवान ने निगम में आकर माफी मांगी। एक बार फिर किस्सा नदिया पार से है और इस बार एक भगवा कमिश्नर की तकरार निगम के सुपरवाइजर से हो गई है। बताते है कि इस हॉटटॉक की रिकॉर्डिंग भी मोबाइल में कैद हो गई है। शुरूआत कार्यक्रम से हुई और नदिया पार के एक पार्क में भाजपा वाले अपना कार्यक्रम करते आए हैं। जब सेंटर में उनकी सरकार है तो स्टेट वाले जिले के पार्क में कार्यक्रम कर सकते हैं। बताने वाले बताते हैं कि नदिया पार के भगवा कमिश्नर ने केंद्रीय वाले पार्क में कार्यक्रम रख लिया। इसकी शिकायत लोगों ने की थी। जब भगवा कमिश्नर पार्क में कार्यक्रम कर रहे थे और टेंट लग चुका था तो भगवा कमिश्नर के पास नगर निगम के सुपरवाइजर का फोन पहुंचा। सुपरवाइजर ने भगवा कमिश्नर यानी मंडल अध्यक्ष को कहा कि आपके कार्यक्रम की शिकायत स्थानीय लोगों ने की है। रेजिडेंट में पोर्टल पर शिकायत करते हुए लिखा कि वह विकसित पार्क है।

बताते हैं कि इतना सुनते ही फूल वाले भगवा कमिश्नर की टोन बदल गई और उनके मुंह से गाली निकल गई और बीप-बीप वाले उन शब्दों को सुनते ही सुपरवाइजर का भी पारा हाई हो गया। बताते हैं कि फूल वाले भगवा कमिश्नर ने बीप-बीप वाले शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सुपरवाइजर से कहा कि तू बंद कराएगा हमारा प्रोग्राम। सूत्र बताते हैं कि फिर सुपरवाइजर ने भी ढंग से समझा दिया और कह दिया कि ये विकसित पार्क है और यहां अगर तुमने टेंट लगाया तो हम टेंट को उठाकर ले जाएंगे। फिलहाल सुपरवाइजर ने रिकॉर्डिंग संभालकर रख ली है।

# 5 अक्टूबर को कैडर कैम्प में हो जायेगी बसपा के शहर विधानसभा उम्मीदवार की घोषणा

## कांग्रेस के बाद साइकिल से उतर कर आ रहा है हाथी का उम्मीदवार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बसपा ने सबसे पहले रवि गौतम को उम्मीदवार घोषित किया। 20 दिन बाद बसपा को ये पता चला कि रवि गौतम पर केस दर्ज है। उसके बाद पार्टी मुखिया ने दिल्ली में बैठक बुलाई और टिकट बदलने का ऐलान किया। बताया जाता है कि अब बसपा गाजियाबाद शहर सीट पर नया उम्मीदवार ला रही है। ये उम्मीदवार वैश्य समाज से है। बसपा के लिए ये नए हैं लेकिन गाजियाबाद की राजनीति के लिए नए नहीं है। पहले कांग्रेस में राजनीति की है और फिर साईकिल पर सवार हो गये। मेयर चुनाव में इनकी पत्नी को टिकट देने की घोषणा हुई और सिम्बल मिलने के बाद भी इनसे सिम्बल वापस लिया गया। बताया जाता है कि तभी से इन्होंने साईकिल छोड़ दी थी और ये नए ठिकाने की तलाश में थे और अब ये तलाश पूरी हो गई है। बसपा के नए संभावित उम्मीदवार पीएन गर्ग शिक्षाविद हैं। सूत्र बताते हैं कि 5 अक्टूबर को बसपा अपने उम्मीदवार की घोषणा कर देगी। 5 अक्टूबर को बसपा अग्रसेन भवन में एक दिवसीय कैडर कैम्प आयोजित करने जा रही है। सुबह 11 बजे शुरू होने वाले इस कैडर कैम्प में उम्मीदवार की घोषणा होगी और चुनावी तैयारी का बिगुल बज जायेगा।



### पूर्व मेरठ मंडल प्रभारी राजकुमार गौतम बसपा से निष्कासित



**करंट क्राइम।** बसपा ने पूर्व मेरठ मंडल प्रभारी राजकुमार गौतम को पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने और विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण निष्कासित कर दिया है। राजकुमार गौतम बुलंदशहर को निष्कासित करने की घोषणा बसपा जिलाध्यक्ष दयाराम सेन ने की। उन्होंने बताया कि राजकुमार गौतम को कई बार चेतावनी भी दी गई। लेकिन उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया। जिसके बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

### कैडर कैम्प को लेकर बनी रणनीति और चुनावी तैयारियों का बसपा संगठन ने किया ऐलान

**करंट क्राइम।** बहुजन समाजपार्टी के जिला कार्यालय पर मुख्य कार्यकर्त्ताओ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एक दिवसीय केडर कैम्प 5 अक्टूबर को सफल बनाने हेतु रणनीति तैयार की गयी। इस बैठक में जनपद के सेक्टर व विधान सभा जिला एवं मण्डल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विधान सभा गाजियाबाद को 08 भाग में बाटकर तैयारी हेतु जिम्मेदारी सौपी गयी, जिसमें जोन नं0-1 ने लखमी जाटव एंव जिला प्रभारी नरेन्द्र माहित, जोन नं0-2 एडवोकेट महेश राज, विजय सैन, जिला प्रभारी वीरेन्द्र, मोहित, जोन नं0-3 लेखराज व बसंतलाल, जोन नं0-4 असलम अल्वी, रमेश एडवोकेट, जोन नं0-5 युसूफ, बबलू, मनव्वर चौधरी, जोन नं0-6 पंकज शर्मा, एडवोकेट विकास, एडवोकेट प्रदीप, जोन सं0-7 मोहित सूद, परवेश, सुन्दरपाल, 8-राजेन्द्र, विनोद कर्दम, चतर सिंह मुख्य रूप से रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ मण्डल कॉर्डिनेटर रवि जाटव, कॉर्डिनेटर ओमवीर सिंह, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार ओके, जिला प्रभारी नरेन्द्र मोहित, एडवोकेट गंगाशरण, बबलू, एडवोकेट सुरेश पाल, पंकज शर्मा, बाबूलाल सैन, राजवती गौतम, नवीन कुमार गौतम, प्रदीप एडवोकेट, मलखान, परवेश आदि मौजूद रहे तथा बैठक में जिला महासचिव के पद पर लेखराज बौद्ध व सदर विधान सभा-56 में मनोज कुमार जी को विधान सभा क्षेत्र गाजियाबाद सदर को अध्यक्ष के पद पर व गाजियबाद विधान सभा प्रभारी विनोद कर्दम व लखमी जाटव तथा जिला सचिव पद पर हेमचन्द राव व गुजिम्मल सैफी को विधान सभा उपाध्यक्ष व विकास कुमार एडवोकट को सचिव एवं महासचिव विजय सैन तथा कोषाध्यक्ष मनमोहन शर्मा को जिला कमेटी व मण्डल कॉर्डिनेटर की सहमति से मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दयाराम सैन ने की।

## संपादकीय

# प्रदूषण एक समस्या

मानसून की वापसी के बाद लगभग आधे भारत में मौसम बदलने का सिलसिला शुरू हो जाता है और उत्तर पश्चिम की तरफ से आने वाली हवाओं के चलते कुछ ही दिनों में हल्की ठंड का आभास होने लगता है। ठंड के चलते हवा में प्रदूषणकारी कण बढ़ जाते हैं, क्योंकि वे धरती की सतह से ज्यादा ऊपर उठ नहीं उठ पाते। इसी के चलते प्रदूषण बढ़ने लगता है। प्रदूषण के इन कणों में वाहनों का उत्सर्जन, लकड़ी, उपले या कोयला जलाने से निकलने वाला धुआं और धूल तो शामिल होती ही है, पराली का धुआं भी शामिल होता है। बीते कुछ दिनों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि वहां पराली जलनी शुरू हो गई है। पिछले लगभग एक दशक से उत्तर भारत और खास तौर से दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ते ही केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न प्रदूषण रोधी एजेंसियां सक्रिय हो जाती हैं। चूंकि सबसे पहले दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण सिर उठाता है, इसलिए दिल्ली सरकार की प्रदूषण रोधी गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेप सिस्टम बनाया हुआ है। इसके तहत दिल्ली–एनसीआर में एक्यूआइ बढ़ने यानी हवा की गुणवत्ता खराब होते ही चरणबद्ध तरीके से तरह–तरह की पाबंदियां लगाई जाने लगती हैं। इनमें निर्माण कार्यों और औद्योगिक गतिविधियों पर रोक तथा आड–इवन सिस्टम लागू करने से लेकर अन्य प्रदेशों के डीजल वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी भी शामिल है। अभी तक का अनुभव यही बताता है कि ये उपाय प्रभावी नहीं साबित होते। यह किसी से छिपा नहीं कि पंजाब, हरियाणा आदि में पराली जलाने के उपाय कारगर नहीं हो पा रहे हैं। पंजाब में पराली जलने की खबरें आने से यही साबित होता है कि उसे जलाने से रोकने के जो प्रबंध किए गए हैं, वे आधे–अधूरे ही हैं। कहां कितनी पराली जलाई गई, इसका आंकड़ा तो सामने आ जाता है, लेकिन कोई नहीं जानता कि उसे जलाने से रोकने में सफलता कब मिलेगी? शायद इसी कारण पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पराली जलने से रोकने के उपाय हवा में ही हैं। कुल मिलाकर इस बार भी इसके आसार नहीं कि पंजाब और अन्य राज्यों में पराली को जलने से रोका जा सकेगा। वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकारों को जो कड़े कदम उठाने चाहिए, वे इसलिए नहीं उठाए जा पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें लेकर आरोप–प्रत्यारोप की राजनीति होती रहती है और नौकरशाही भी समय पर सही फैसला करने के बजाय हीलाहवाली करती है। दिल्ली–एनसीआर समेत देश के अन्य बड़े शहरों में सड़कों पर अतिक्रमण और उसके चलते ट्रैफिक जाम आम है। इसके अलावा रिहायशी इलाकों में औद्योगिक गतिविधियां संचालित होना भी आम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि औद्योगिक क्षेत्रों को सही रूप में विकसित नहीं किया जा सका है। समस्या यह भी है कि इसके बारे में कोई परवाह नहीं की जाती कि निर्माण स्थलों पर धूल को नियंत्रित किया जाए। सरकारें चाहें तो निर्माण स्थलों और साथ ही सड़कों से उड़ने वाली धूल को नियंत्रित कर सकती हैं, लेकिन इसके लिए वे कोई ठोस उपाय नहीं कर रही हैं। सरकारें और उनकी एजेंसियां अनियोजित औद्योगिक गतिविधियों पर भी लगाम नहीं लगा पा रही हैं। वे कूड़ा–करकट को जलाने से रोकने में भी नाकाम हैं।

प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए जैसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है, उसका परिचय नहीं दिया जा रहा और इसी के चलते उन कारणों का निवारण नहीं हो पा रहा, जिनसे हवा की गुणवत्ता खराब होती है।

# सीबीडीटी ने ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाई

## आखिरी तारीख 30 सितंबर से बढ़ाकर 7 अक्तूबर की गई




**नई दिल्ली।** सीबीडीटी ने एक आधिकारिक बयान में बताया है कि उसने पिछले वर्ष 2023-24 के लिए ऑडिट की विभिन्न रिपोर्ट दाखिल करने की तिथि को बढ़ाने का फैसला किया है। इसकी आखिरी तिथि 30 सितंबर थी। अब से 7 अक्तूबर तक दाखिल किया जा सकेगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी है। सीबीडीटी की ओर से रविवार को जारी एक परिपत्र (सं. 10/2024, संदर्भ 225/205/2024-आईटीए-क्क) के अनुसार, इन रिपोर्टों को दाखिल करने की समय सीमा इस वर्ष 30 सितंबर से बढ़ाकर 7 अक्तूबर कर दी गई है। सीबीडीटी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने पिछले वर्ष 2023-24 के लिए ऑडिट की विभिन्न रिपोर्ट दाखिल करने की तिथि को बढ़ाने का फैसला किया है। अधिनियम की धारा 139 की उप-धारा (1) के स्पष्टीकरण 2 के खंड (ए) में संदर्भित करदाताओं के के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर, 2024 थी, जिसे बढ़ाकर 07 अक्तूबर 2024 कर दिया गया है। सर्कुलर के अनुसार, यह निर्णय उइउ्ळ द्वारा करदाताओं और अन्य हितधारकों द्वारा आवश्यक रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने के बाद आया है। कई व्यक्तियों और संगठनों को आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की मूल समय सीमा को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आयकर अधिनियम की धारा 119 के तहत अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए यह विस्तार देने का फैसला किया। यह अधिनियम की धारा 139 की उप-धारा (1) के स्पष्टीकरण 2 के खंड (ए) के तहत कवर किए गए करदाताओं पर लागू होता है। यह खंड करदाताओं की विशिष्ट श्रेणियों को संदर्भित करता है, जिन्हें मूल्यांकन वर्ष के लिए ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है। ऑडिट दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ने से करदाताओं को अपनी इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। अब वे अनावश्यक दबाव या दंड का सामना किए बिना नियमों का पालन कर सकते हैं। सीबीडीटी ने करदाताओं को सलाह दी है कि वे इस विस्तारित समय सीमा का अधिकतम लाभ उठाएं और 7 अक्तूबर 2024 की नई नियत तारीख तक अपनी ऑडिट रिपोर्ट समय पर जमा करना सुनिश्चित करें।

# सेंसेक्स 1,272 अंक फिसलकर बंद, निवेशकों के 4 लाख करोड़ रुपये डूबे



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बाजार के करीब सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,272 अंक या 1.49 प्रतिशत गिरकर 84,299 और निफ्टी 368 अंक या 1.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,810 पर बंद हुआ। गिरावट का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों की ओर से किया गया। निफ्टी बैंक 856 अंक या 1.59 प्रतिशत के दबाव के साथ 52,978 पर बंद हुआ। मंदी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्टेड सभी सूचीबद्ध कंपनियां का मार्केट कैप करीब 4 लाख करोड़ रुपये कम होकर 474 लाख करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स पैक में जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाइटन और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स थे। रिलायंस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, एसबीआई, इन्फोसिस और सनफार्मा टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में कम गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 227 अंक या 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,153 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 62 अंक या 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,179 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। मेटल और मीडिया इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुए। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार रूपक दे का कहना है कि निफ्टी पिछले कारोबारी सत्र में कमजोर बंद हुआ था। आज के सत्र में निफ्टी में भारी गिरावट देखने को मिली।

## इस साल अब तक एक लाख करोड़ के पार, दुनिया में तनाव और ब्याज दरें घटने से भारत बना पसंदीदा बाजार



**नई दिल्ली।** डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में इन निवेशकों ने 7,322 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। जुलाई में 32,359 करोड़ रुपये का निवेश किया था। जून में 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। अप्रैल और मई में इन निवेशकों ने 34,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की निकासी की थी। अप्रैल और मई में निकासी की मुख्य वजह आम चुनाव थे। शेयर बाजार और आईपीओ की तेजी के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी एफआईआई ने इस साल जनवरी से लेकर अब तक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 1,00,245 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस महीने अभी सोमवार का दिन बाकी है, फिर भी 57,359 करोड़ रुपये का अब तक निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में इन निवेशकों ने 7,322 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। जुलाई में 32,359 करोड़ रुपये का निवेश किया था। जून में 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। अप्रैल और मई में इन निवेशकों ने 34,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की निकासी की थी। अप्रैल और मई में निकासी की मुख्य वजह आम चुनाव थे। चुनाव में यह माना जा रहा था।

# भारतपे और अशनीर ग्रोवर में 88 करोड़ रुपये के फंड की हेराफेरी मामले में हुआ समझौता



**नई दिल्ली।** फिनटेक कंपनी भारतपे और उसके पूर्व सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के बीच 88.67 करोड़ रुपये के फंड की हेराफेरी के मामले में लंबी कानूनी लड़ाई के बाद समझौता हो गया है। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी किए गए बयान में यह जानकारी मिली। आईएएनएस को दिए बयान में कंपनी ने कहा कि समझौते के मुताबिक अब ग्रोवर किसी भी तरह से कंपनी से जुड़े नहीं है और न ही उनके पास कंपनी की कोई शेयरहोल्डिंग होगी। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि ग्रोवर के कुछ शेयर कंपनी के लाभ के लिए रेजिलिएंट ग्रोथ ट्रस्ट को हस्तांतरित किए जाएंगे और उनके शेष शेयरों का प्रबंधन उनके पारिवारिक ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। भारतपे ने आगे कहा कि दोनों पक्षों ने दायर मामलों को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। आगे कहा, हम ग्रोवर के अच्छे होने की कामना करते हैं। भारतपे मुनाफे के साथ ग्रोथ को जारी रखते हुए मर्चेंट्स और ग्राहकों को इंडस्ट्री के अग्रणी सॉल्यूशंस पेश करता रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ग्रोवर ने पोस्ट किया, वह भारतपे के साथ एक समझौते पर पहुंच गए हैं। आगे कहा कि मैं भारतपे के बोर्ड और मैनेजमेंट में पूरा भरोसा रखता हूं, वे कंपनी को सही दिशा में आगे ले जाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ग्रोवर ने आगे लिखा मैं भारतपे के साथ अब किसी भी प्रकार से जुड़ नहीं रहूंगा। इसमें शेयरहोल्डिंग भी शामिल है। मेरे बाकी के शेयर फैमिली ट्रस्ट द्वारा मैनेज किए जाएंगे। दोनों पार्टियों ने केस को आगे न बढ़ाने का निर्णय लिया है। मुझे विश्वास है कि भारतपे के सभी पक्षों को इसका लाभ होगा। अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर को 88.67 करोड़ रुपये फंड की हेराफेरी करने के मामले में भारतपे से निकाल दिया गया था।

## राशिफल

**मेष:** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी।

**वृष:** भूमि व भवन की खरीद–फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**मिथुन:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे।

**कर्क:** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी–मजाक करने से बचें।

**सिंह:** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर–बाहर पूछ–परख रहेगी। व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कन्या:** पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा।

**तुला:** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी।

**वृश्चिक:** फालतू खर्च होगा। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**धनु:** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**मकर:** योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान–सम्मान मिलेगा।

**कुंभ:** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख–शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा।

**मीन:** अज्ञात भय रहेगा। अनहोनी की आशंका रहेगी। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

## चुटकुले

पप्पू स्कूल में गधा लेकर आया
टीचर– यह क्यों लेकर आए हो?
पप्पू– मैम, आप ही तो कहती हो कि मैंने बड़े से बड़े गधों को इंसान बनाया है...
तो मैंने सोचा कि इसका भी भला हो जाए...

संता: मैंने कल तुझे कितनी बार फोन मिलाया, तुमने उठाया क्यों नही?
बंता: क्यों उठाऊं फोन? कल जो मैंने 30 रुपये देकर जो गाना लगवाया है वो क्या तुम्हारा बाप सुनेगा

लड़का: शादी कर लो मुझसे।
लड़की: क्यों?
लड़का: बहुत डिमांड में हूं।
पूरा देश मुझे ढूंढ रहा है।
लड़की: कौन हो तुम?
लड़का: विकास...

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं।
- मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।
- अवसाद के कारण आपको सामान्य रूप से 3 से 4 गुना अधिक सपने आते है।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के मुताबिक, 6% से अधिक बच्चे अवसाद से ग्रस्त हैं और उनमें से 4.9% की बड़ी अवसाद है।
- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क: के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पारी और 154 रनों से हराया, 2-0 से सीरीज जीती



**गाले।** श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पारी और 154 रनों से हराकर रविवार को गाले में दूसरे टेस्ट के चौथे दिन 2-0 से सीरीज जीत ली। इस बड़ी जीत के साथ, श्रीलंका ने अपने डब्लूटीसी अंक प्रतिशत को 55.55 प्रतिशत तक सुधारा और अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा।

न्यूजीलैंड, जिसने डब्लूटीसी स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर रहकर सीरीज की शुरूआत की, अब 37.5 फीसदी अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर खिसक गया है। इसका मतलब यह भी है कि इंग्लैंड, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका सभी एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर आ गए हैं।

गाले में श्रीलंका की जीत के मुख्य सूत्रधार डेब्यू करने वाले ऑफ स्पिनर निशान पीरिस थे, जिन्होंने 9-203 के कुल आंकड़े के साथ मैच समाप्त किया और दूसरी पारी में 6-170 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने मैच में 9-181 विकेट लिए और दोनों टेस्ट में 21.38 की औसत से 18 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

199/5 से आगे खेलते हुए, न्यूजीलैंड ने अपने ओवरनाइट बल्लेबाजों ग्लेन फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल के अर्धशतकों और मिशेल सेंटनर के 67 रनों की बदौलत अपरिहार्य को टालने की कोशिश की, लेकिन पीरिस और जयसूर्या ने तीनों सहित शेष विकेट चटका दिए और मेहमान टीम अपनी दूसरी पारी में 360 रन पर आउट हो गई, जबकि पहली पारी में वे 88 रन पर आउट हो गए थे और उन्हें फॉलोऑन खेलना पड़ा था।

ऑलराउंडर कामिंदू मेंडिस को उनके नाबाद 182 रनों के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि श्रीलंका ने 602/5 रन बनाकर पारी घोषित की, जो उनके लिए बड़ी जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त था। श्रीलंका की लगातार तीसरी जीत का मतलब है कि उनके पास अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले अपने पहले डब्लूटीसी फाइनल को सुरक्षित करने का सुनहरा अवसर है।

# अफगानिस्तान वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की है कि वह 6 से 11 नवंबर तक यूएई में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा, हालांकि वेन्यू अभी तय नहीं हुए हैं।

ये मैच 6, 9 और 11 नवंबर को खेले जाएंगे। एसीबी ने कहा कि ये तीन वनडे, तीन टी20 और दो टेस्ट इस साल जुलाई-अगस्त के लिए निर्धारित अफगानिस्तान के फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) का हिस्सा थे।

इसके अलावा, ऐसी खबरें भी आईं कि ग्रेटर नोएडा के शहीद पथिक सिंह स्टेडियम में जुलाई के अंत में वनडे मैचों की मेजबानी की जाएगी, यह वह समय है जब उत्तर भारत में मानसून शुरू होता है।

लेकिन एसीबी ने यूएई और भारत में ज्यादा गर्मी का हवाला देते हुए सीरीज को स्थगित कर दिया, जहां वह आमतौर पर अपने घरेलू कार्यक्रम आयोजित करता है।

एसीबी ने कहा, एक बड़ी और अहम चर्चा के बाद, दोनों बोर्ड केवल वनडे फॉर्मेट के साथ आगे बढ़ने पर सहमत हुए हैं, जो अगले साल फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दोनों टीमों की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होगा।

अफगानिस्तान ने हाल ही में शारजाह में दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से ऐतिहासिक सीरीज जीत हासिल की और दिसंबर में घरेलू टीम के खिलाफ सभी फॉर्मेट की सीरीज के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करने के लिए तैयार है। अफगानिस्तान और बांग्लादेश एक दूसरे से 16 बार वनडे में भिड़ चुके हैं, जिसमें से बांग्लादेश ने 10 मैच जीते हैं, जबकि अफगानिस्तान छह बार विजयी हुआ है।

बांग्लादेश के साथ अफगानिस्तान की आखिरी द्विपक्षीय वनडे भिड़ंत 2023 में हुई थी, जब उसने चटगांव में 2-1 से सीरीज जीती थी।



# 'ये आरोप मेरे नेतृत्व को बदनाम करने के लिए लगाए गए हैं': पीटी उषा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अंतरराष्ट्रीय संबंध निदेशक जेरोम पोइवे को संबोधित एक पत्र में आईओए कार्यकारी परिषद (ईसी) के 12 सदस्यों द्वारा लगाए गए झूठे और निराधार आरोपों पर पलटवार किया है। 12 ईसी सदस्यों, जिनमें गगन नारंग और योगेश्वर दत्त, जैसे ओलंपिक पदक विजेता शामिल हैं, ने वरिष्ठ आईओसी अधिकारी जेरोम पोइवे को एक पत्र लिखा है, जिसमें दिग्गज एथलीट पर संगठन को निरंकुश तरीके से चलाने का आरोप लगाया गया है।

पीटी उषा ने एक पत्र में लिखा, ये आरोप केवल मेरे नेतृत्व और भारतीय खेलों की बेहतरी के लिए लगन से काम करने वालों के प्रयासों को बदनाम करने के लिए लगाए गए हैं। पत्र में आगे लिखा गया है, प्रतियोगिता के उच्चतम स्तरों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी के रूप में मेरे 45 साल के लंबे करियर में, मैंने कभी ऐसे लोगों को नहीं देखा जो हमारे एथलीटों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हों। भारत में 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी लक्ष्य का समर्थन करने के बजाय, ये लोग खेल प्रशासन में अपनी लंबी उपस्थिति और नियंत्रण के माध्यम से स्वार्थी सत्ता के खेल और मौद्रिक लाभ पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

गुरुवार की आपातकालीन कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान, आईओए की बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई, जहां उषा ने रघुराम अय्यर को सीईओ के पद से हटाने की उनकी अपील को सिरे से खारिज कर दिया। इन कार्यकारी समिति सदस्यों द्वारा किए गए दावों को संबोधित करते हुए रघुराम अय्यर की आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति पर सवाल उठाया गया है।

पीटी उषा ने स्पष्ट किया कि जनवरी 2024 में की गई उनकी नियुक्ति, आईओए संविधान के सख्त अनुपालन में की गई थी। आईओए संविधान के प्रावधानों को बनाए रखने के लिए, कार्यकारी समिति के बहुमत के अनुचित प्रतिरोध के बावजूद, नामांकन समिति ने अनुच्छेद 15.3.1 में परिकल्पित चयन की प्रक्रिया अपनाई।

## सुरक्षा चिंताओं के कारण पाबंदियां

# कानपुर में बांग्लादेश क्रिकेट टीम की गतिविधियां प्रतिबंधित

**कानपुर।** बांग्लादेश की क्रिकेट टीम इस समय भारत के दौरे पर है और दो मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले में कानपुर के ग्रीन पार्क में खेल रही है। हालांकि, बांग्लादेश टीम को कानपुर में सुरक्षा कारणों से अपने घूमने-फिरने पर कड़ी पाबंदियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सुरक्षा हिंदू महासभा नामक एक दक्षिणपंथी संगठन से मिली धमकियों के बाद बढ़ाई गई है।

यह संगठन बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित हमलों का विरोध कर रहा है, जिसके चलते बांग्लादेशी टीम के लिए सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

पहले टेस्ट में हारने के बाद, बांग्लादेशी टीम ने चेन्नई में अच्छा समय बिताया था। टीम मॉल्स में घूमी और शहर में अन्य जगहों पर भी घूमने-फिरने की आजादी थी। लेकिन कानपुर का अनुभव काफी अलग रहा। यहां खिलाड़ियों की गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध लगे हुए हैं और उन्हें सलाह दी गई है कि वे समूह में रहें और होटल से बाहर तभी निकलें जब बहुत जरूरी हो। इसके अलावा, खिलाड़ियों को बाहर से खाना मंगाने की अनुमति नहीं है, और उनकी सुरक्षा के लिए होटल के चारों ओर भारी पुलिस बल तैनात है।

एक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर आईएएनएस को बताया, ₹हमारा बाहर जाना पूरी तरह से बंद है, अगर हमें बाहर जाना है तो स्थानीय पुलिस और संपर्क अधिकारी से इजाजत लेनी पड़ेगी। होटल में भी पुलिस की सुरक्षा बहुत सख्त है।

# भारत के खिलाफ मोमिनुल हक ने जड़ा शतक

## कानपुर टेस्ट में रचा इतिहास





**कानपुर।** बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट की पहली पारी में 233 रन बनाए। इस दौरान मोमिनुल हक ने सोमवार को इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया।

मोमिनुल ग्रीन पार्क स्टेडियम में बारिश से प्रभावित दूसरे टेस्ट के दौरान भारतीय धरती पर टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे बांग्लादेशी बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 172 गेंदों पर नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली।

35 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 16 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर स्वीप के साथ अपना 13वां टेस्ट शतक पूरा किया और मुशफिकुर रहीम के बाद भारत में शतक बनाने वाले दूसरे बांग्लादेशी खिलाड़ी बन गए।

बारिश के कारण ढाई दिन का खेल नहीं हो पाया था और चौथे दिन फिर से पारी को आगे बढ़ाते हुए, मोमिनुल ने दिन की शुरूआत अच्छी की। हालांकि, उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला लेकिन वह टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे।

उनके शतक ने न केवल बांग्लादेश को मैच में बनाए रखा बल्कि टीम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर भी किया। अपना 65वां टेस्ट मैच खेल रहे मोमिनुल ने 37 से अधिक की औसत के साथ 4,200 से अधिक रन बनाए हैं।

# दुर्भाग्यपूर्ण है हम पेरिस में मुक्केबाजी में मेडल नहीं जीत सके : मैरी कॉम



**नई दिल्ली।** छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों के खराब प्रदर्शन पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि एक पदक विजेता होने के नाते, यह स्वाभाविक है कि उन्हें बुरा लगा है।

पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत ने छह मुक्केबाजों की टीम भेजी थी, जिसमें दो पुरुष और चार महिलाएं शामिल थीं। इसमें टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन निकहत जरीन भी थीं।

मैरी कॉम ने आर्मी स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव के दौरान आईएएनएस से कहा, ओलंपिक प्रदर्शन को देखकर दुख होता है कि हम 2024 ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सके। हमें यह देखना होगा कि आगे क्या सुधार करना है और किन गलतियों से बचना है।

पेरिस ओलंपिक में लवलीना (महिला 75 किग्रा) ऐतिहासिक दूसरा पदक जीतने से चूक गईं और क्वार्टर फाइनल में चीन की ली कियान से हार गई थीं। वहीं, पुरुष 71 किग्रा वर्ग में निशांत देव क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मेक्सिको के मार्को वर्डे से हार का सामना करना पड़ा था।

दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (महिला 50 किग्रा), कॉमनवेल्थ चैंपियन अमित पंघाल (पुरुष 51 किग्रा) और प्रीति पवार (महिला 54 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में राउंड ऑफ 16 में हार गए। जेस्मिन लांबोरिया (महिला 57 किग्रा) राउंड ऑफ 32 में बाहर हो गई थी। कुल मिलाकर भारत का पेरिस ओलंपिक मुक्केबाजी अभियान निराशाजनक रहा था।

मैरी कॉम ने इस पर कहा, एक विश्व चैंपियन और पदक विजेता होने के नाते, निराश होना स्वाभाविक है। अब हम आगामी टूर्नामेंट के लिए अधिक अभ्यास और कड़ी मेहनत पर ध्यान देंगे।

उल्लेखनीय है कि अब तक केवल तीन भारतीय मुक्केबाजों ने ओलंपिक में पदक जीते हैं-विजेंदर सिंह (बीजिंग 2008 में कांस्य), मैरी कॉम (लंदन 2012 में कांस्य) और लवलीना (टोक्यो 2020 में कांस्य)।

# जय शाह के बाद कौन होगा बीसीसीआई का सचिव ?



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के मौजूदा सचिव जय शाह आईसीसी के चेयरमैन बन गए हैं और भारतीय बोर्ड के साथ उनका कार्यकाल जल्द खत्म होने वाला है। अब सवाल उठ रहा है कि उन्हें कौन रिप्लेस करेगा?

बेंगलुरु में रविवार को बीसीसीआई की 93वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में उपस्थित सदस्यों ने मौजूदा सचिव जय शाह से अनुरोध किया कि वह अपने उत्तराधिकारी को खोजने की प्रक्रिया में तेजी लाएं ताकि इस बदलाव को सही तरीके से पूरा किया जा सके। हालांकि, नए सचिव के बारे में बात करना एजीएम का एजेंडा या प्रमुख मुद्दा नहीं था, लेकिन सभा में उपस्थित लोगों ने इस पर खुलकर बात की है।

जानकारी के अनुसार, जय शाह नवंबर के आखिरी दिनों में अपने पद से हट जाएंगे और 1 दिसंबर से तीन साल की अवधि के लिए आईसीसी के अध्यक्ष का पद संभालेंगे।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, ₹यह एक अनुरोध था कि सभी चीज सही समय पर होनी चाहिए, जिससे हमें एक स्पष्ट विजन मिल सके। मौजूदा हालात में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष आशीष शेलार, संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया और गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल इस पद के लिए दौड़ में शामिल हैं।

# बर्थडे स्पेशल: पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली महिला एथलीट



**नई दिल्ली।** 'मंजिलें क्या हैं, रास्ता क्या है हौसला हो तो फासला क्या है', कुछ ऐसा ही इरादा रखने वाली दीपा मलिक ने पैरालंपिक में अपना नाम बनाया। वो एक प्रमुख भारतीय पैरालंपियन और खिलाड़ी हैं, जिन्होंने खेल जगत में अपना एक विशेष स्थान बनाया है। पैरालंपिक खेलों में मेडल जीतने वाली दीपा मलिक पहली भारतीय महिला हैं।

उनका जन्म 1970 में हुआ था। दीपा के जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्हें 1999 में स्पाइनल ट्यूमर का सामना करना पड़ा, जिससे उनके शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया और उन्हें व्हीलचेयर पर निर्भर होना पड़ा। हालांकि, उन्होंने इससे हार नहीं मानी और अपने जीवन में एक नए अध्याय पर फोकस किया।

दीपा खेल में ही आगे नहीं है, वह सामाजिक कार्य करने के साथ-साथ लेखन भी करती हैं। गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए कैंपेन चलाती है और सामाजिक संस्थाओं के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

दीपा शॉट पुटर के अलावा स्विमर, बाइकर, जैवलिन और डिस्कस थ्रोअर हैं। रियो पैरालंपिक खेलों में रजत पदक जीतकर वह पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी।

2012 में उन्हें 'अर्जुन पुरस्कार' से नवाजा जा चुका है। भाला फेंक में दीपा मलिक के नाम पर एशियाई रिकॉर्ड है, जबकि गोला फेंक (शॉट पुट) और चक्का फेंक (डिस्कस थ्रो) में उन्होंने 2011 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीते थे। 2019 में उन्हें खेल रत्न पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।

दीपा मलिक का संघर्ष, मेहनत, और समर्पण उनके प्रेरणादायक जीवन की कहानी को उजागर करता है।

# लक्ष्मण ने बीसीसीआई सीओई पर कहा कि वे चाहते हैं कि खिलाड़ी एक ही स्थान पर विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढलें



लक्ष्मण ने नए सेंटर में विभिन्न आयु समूहों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को उन्नत करने के अपने उद्देश्य के बारे में बताया।

**बेंगलुरु।** बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के वर्तमान प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि वे चाहते हैं कि खिलाड़ी बेंगलुरु में नए-नए शुरू किए गए सेंटर में विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढलकर अपने करियर में विभिन्न चुनौतियों के लिए तैयार हों।

लक्ष्मण ने नए सेंटर में विभिन्न आयु समूहों के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को उन्नत करने के अपने उद्देश्य के बारे में बताया। नए-नए शुरू किए गए 40 एकड़ के सेंटर में ग्राउंड ए है, जिसमें मुंबई की लाल मिट्टी से बनी 13 पिचें हैं। ग्राउंड बी और सी समर्पित अभ्यास ग्राउंड हैं, जिनमें मांड्या मिट्टी की 11 पिचें और ओडिशा के कालाहांडी से काली कपास मिट्टी की नौ पिचें हैं। अभ्यास के लिए 45 आउटडोर नेट पिचों को नौ क्लस्टर में व्यवस्थित किया गया है, और ये मुंबई की लाल मिट्टी, मांड्या मिट्टी, कालाहांडी की काली कपास मिट्टी और कंक्रीट की पिचों से बनी हैं, जिन्हें यूके से मंगाए गए सुरक्षा जालों से अलग किया गया है।

मुझे लगता है कि हम जो कार्यक्रम चलाते हैं, क्योंकि महिलाओं के लिए अंडर-15 से लेकर लड़कों के लिए अंडर-16 तक सभी बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा किया जाता है। अप्रैल से सितंबर तक के ऑफ सीजन के दौरान, हमारे पास कई तरह के कार्यक्रम होते हैं। जैसे कि हमने इस अवधि के दौरान लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए करीब 32 शिविर आयोजित किए।

इसलिए इस बुनियादी ढांचे, तीन मैदानों के साथ, आमतौर पर हम देश के विभिन्न हिस्सों में इन शिविरों के मैच आयोजित करते हैं। केएससीए के साथ, हमें इनमें से कुछ शिविरों के लिए अलूर मैदान मिलता है। जबकि यहां तीन मैदानों के साथ, हम बहुत सारे कार्यक्रम कर सकते हैं। इन मैदानों का उपयोग भारत ए की कुछ श्रृंखलाओं के लिए किया जा सकता है, जो यहां इन सतहों पर खेली जा सकती हैं।

लक्ष्मण ने रविवार को बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां (पिचों के लिए) तीन अलग-अलग तरह की मिट्टी है, हम चाहते हैं कि खिलाड़ी एक ही स्थान पर अलग-अलग परिस्थितियों के अनुकूल ढलना सीखें, बजाय इसके कि उन्हें एक शहर से दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़े। उन्हें एक ही स्थान पर अलग-अलग मिट्टी और अलग-अलग तरह की पिचों पर खेलने का अनुभव मिल सकता है, जिससे उनका प्रदर्शन बेहतर होगा।

उन्होंने खिलाड़ियों, खासकर राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ियों के पुनर्वास और फिटनेस लक्ष्यों के बीच संतुलन बनाए रखने के सीओई के प्रयासों के बारे में भी बात की। खिलाड़ी का चोटिल होना किसी भी खिलाड़ी के करियर का अभिन्न अंग है। अगर आप यह सोचते हैं कि कोई भी चोटिल नहीं होगा, तो हम खुद को बेवकूफ बना रहे होंगे, क्योंकि आप अपने शरीर को जोखिम में डाल रहे हैं। इनमें से बहुत से खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए, मैं जानता हूं कि वे किस तरह और किस तीव्रता के साथ खेल खेलते हैं; इसलिए ऐसा होना तय है। विचार यह है कि चोटों को कैसे रोका जाए, और इसीलिए रिकवरी, फिटनेस मानकों पर ध्यान केंद्रित करना और इसे बनाए रखना कुछ ऐसा है जो बहुत, बहुत महत्वपूर्ण है।

# कानपुर में रवींद्र जडेजा ने रचा इतिहास



## दर्ज किया बड़ा रिकॉर्ड

**कानपुर।** टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 300वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

दो दिन का खेल बारिश के कारण धुलने के बाद चौथे दिन की शुरूआत नई ऊर्जा के साथ हुई और भारत ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। जडेजा ने खालिद अहमद को आउट करके बांग्लादेश की पहली पारी को 233 रनों पर समेट दिया। इस पारी के दौरान जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे किए और एक खास मुकाम भी हासिल किया है।

जडेजा इस दौरान उन चुनिंदा भारतीय प्लेयर्स की लिस्ट में शामिल हो गए जिन्होंने 300 विकेट के साथ 3000 रन भी बनाए। उनसे पहले भारत के लिए केवल कपिल देव और आर अश्विन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इसके अलावा बॉल के हिसाब से, वह आर अश्विन (15636) के बाद 300 टेस्ट विकेट का आंकड़ा पूरा करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं (17428)।

इसके साथ ही वह यह दोहरा कीर्तिमान पूरा करने वाले सबसे तेज एशियाई और इंग्लैंड के महान इयान बॉथम के बाद दुनिया के दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए।

दिन की शुरूआत भारत के लिए शानदार हुई थी। जसप्रीत बुमराह ने मुशफिकुर रहीम को जल्दी आउट करके बांग्लादेश पर दबाव बनाया।

हालांकि, बांग्लादेश के मोमिनुल हक ने शानदार शतक जड़कर टीम को मुश्किल में डाला। मेहमान टीम ने मैच में वापसी करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय फील्डरों ने टीम का मनोबल बढ़ाया।

रोहित शर्मा ने हवा में लहराता हुआ एक शानदार कैच लपक कर लिटन दास को पवेलियन भेजा। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने एक और शानदार प्रयास करते हुए शाकिब अल हसन का कैच लपका।

मोमिनुल का प्रयास उनकी टीम को मैच में हावी रखने के लिए पर्याप्त नहीं था। बुमराह की सटीक गेंदों ने मेहंदी हसन और तैजुल इस्लाम को चकमा दिया, जबकि सिराज ने हसन महमूद का विकेट चटकाया। इसके बाद जडेजा ने पारी को समेटते हुए बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त की।

# नम आंखों से दी गई प्रभा शर्मा को श्रद्धांजलि दी



गाजियाबाद करंट क्राइम। भाजपा महानगर मंत्री धीरज शर्मा की माता प्रभा शर्मा का 19 सितम्बर को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। सोमवार को अग्रसेन भवन में स्वर्गीय प्रभा शर्मा की शोकसभा आयोजित की गई। समाज के गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय प्रभा शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




## पब्लिक को बताओ कि मैं पार्षद चुना गया हूं अवर अभियंता नही

वैसे तो फूल वालों के मंडल प्रभारी से लेकर मौहल्ला मेंबर तक फुल जिम्मेदारी के साथ पब्लिक की शिकायतों में लगे हुये हैं। पब्लिक वाले बता रहे हैं कि ये किसी के काम आयें या ना आयें लेकिन किसी का काम बिगाड़ देने में पूरा रोल अदा कर रहे हैं। जनता के सेवक जनता की शिकायत कर रहे हैं। निर्माण की शिकायते ही कलम वालों की कलम से कमाल कर रही हैं। तुर्रा ये कि छाती ठोंक कर बता रहे हैं कि जब पब्लिक मेरे पास आकर कह रही है तो भला मैं क्या करता, फिर मैने पब्लिक के कहने पर ही तो शिकायत की हैं। कहने वाले ने कहा कि मेंबर साहब जो पब्लिक आप को बता रही है वो पब्लिक खुद शिकायत क्यों नही कर लेती। आप पब्लिक को बताओं कि मैं पार्षद चुना गया हूं अवर अभियंता नही चुना गया हूं। मेरा काम तो पब्लिक की समस्या का समाधान कराना है ना कि विभागों में जाकर एप्लीकेशन देकर, आरटीआई डालकर पब्लिक की शिकायत करना हैं। कहने वाले ने कहा कि दाल ही काली है ये तो पब्लिक भी जानती है और जनता का चुना हुया जनता की शिकायतें क्यों कर रहा है ये बात भी अब पब्लिक को समझ आने लगी हैं। अफसर तो बहुत पहले ही समझ गये थे इसलिये फूल वालों की ये शिकायत कई सालों से रहती है कि हमारी अफसर नही सुन रहे हैं।

## गिनो तो इनके मेंबर कितने हैं हाथी के मौहल्ले में वोट कितने हैं

नीली रस्सी जल गई हैं मगर उसके बल नही जा रहे हैं। लखनऊ वाली विधानसभा में एक अकेला हाथी बैठा हुया हैं और दिल्ली वाली लोकसभा में हाथी विलोपित हो गया हैं। मगर पुराने महावत ही बता रहे हैं कि इसके बाद भी फेस से पहले सूटकेस की कहानी आज भी जारी है। जिस फेस को यहां से लाये थे उसके केस की हिस्ट्री आई और कट गया टिकट और फिर उसने भी खुल कर कई महावतो को अपने आरोपो में लपेट लिया। अब नीले हाथी की मोह माया से उतर कर और आनंद को त्याग कर आजाद हो चुके एक्स महावत ने कहा कि अब मौहल्लों में भी वोट नही हैं। उन्होने कहा कि महावत माहौल बना रहे हैं कि पहले तो लोकसभा में कांग्रेस ने बहका लिया था कि संविधान खत्म होने वाला है। लेकिन मौहल्लो वाला चुनाव हुया तो हाथी के हल्ले सुनाई नही दिये। उन्होने कहा कि गिनो तो सही जरा 100 मौहल्लों में इनके कितने मेंबर हैं। हाथी के मौहल्लो में हाथी को कितने वोट मिले हैं। ना मेंबर इनके पास ना वोट इनके पास।

## पहले भी तो लाईनपार वालों ने अपना विधायक चुन लिया था

उपचुनाव की बेला में कई के सियासी अरमानों के साथ खेला होना है। लाईनपार वाले अबकी बार आरपार की बातें कर रहे हैं। नदियापार वाले सरदार ने यहां झंडा उठाया तो वो ही लाईनपार से बैक टू नदियापार हो गये। अब बात बगावत की चली तो कहने वाले ने कहा कि डोंट वरी जिसे लड़ना हो वो लड़े संगठन किसी को नही रोकेगा। सब को विधायक बनने का पूरा राईट हैं और फाईट करनी भी चाहिये। फिर नेता जी ने ऑफ द रिकार्ड कह भी दिया कि पहले भी तो लाईनपार वालों ने अपना विधायक चुन लिया था। एलीफेंट पर शुक्ला जी आये और रानी देव ने भी हुंकार भरी थी। बाकी के भी कई मैदान में आये थे। लाईनपार वालो की पहली परफारमेंस देख कर इस बार संगठन भी मन बना चुका है कि जिसे लड़ना हो वो लड़ ले हमारी तरफ से किसी को इंकार नही हैं। वो देख चुके हैं कि लाईनपार वाले पूरा चुनाव ही पलट देने की ताकत रखते हैं।

## हापुड़ में मां-बेटी की हत्या का खुलासा:बेटी के पति ने मारा था, कॉल गर्ल का काम करने से किया था मना

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में मां-बेटी की हत्या का खुलासा करते हुए एक पुलिस ने एक महिला सहित तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मृतका खुशबू के गलत आचरण के चलते मृतका के पति, जेठ, जेठानी और ससुर ने गला घोंटकर हत्या की थी। जबकि विरोध करने पर खुशबू की मां की भी गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी हत्या कर मकान के गेट पर ताला लगाकर फरार हो गए थे। मृतका का पति अभी भी फरार है। जिसकी पुलिस को तलाश जारी है। पुलिस ने फुरकान व गुलफशा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें समीर ने बताया कि उसको निकाह के बाद पता चला कि शहजादी उर्फ खुशबू काल गर्ल है। इस बात को वह सह न सका। उसने शहजादी व कौसर जहां को समझाया था।




## क्या पुलिस जुटा पाएगी हर आयोजन का डेटा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शुरू हो रही दुर्गा पूजा व नवरात्र पूजन को लेकर तैयारियां और अलर्ट वाली स्थिति शुरू हो गई है। सुनने में आ रहा है कि सीएम की होने वाली मीटिंग से पहले पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के तीनों जोन के साहब लोगों को अपना फुल प्रूफ डाटा शाम से पहले साहब की मेज तक उपलब्ध करवाना है। वैसे भी आज एक अक्टूबर की देर शाम यूपी वाले महाराज की रात को सभी कमिश्नरेट से लेकर जिलों के कप्तानों से लेकर कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले शीर्ष अधिकारियों के संग मीटिंग है। कानून व्यवस्था और आगामी त्यौहार के मद्दे नजर दिशा-निर्देश देंगे, तो सूत्रों ने जानकारी दी है कि उससे पहले ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के एसीपी स्तर के अधिकारियों ने अपनी डायरी मेंटेन करनी शुरू कर दी है। कोई रामलीला का डाटा तैयार कर रहा है। तो कोई मूर्ति विसर्जन करने कितनी टीम जाएगी, इसकी संख्या नोट कर रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि खुफिया वाले भी मूर्तियां गिनने



का काम कर रहे हैं। तो वहीं कई थाना प्रभारी एंड और नॉनवेज की दुकान की एंट्री कर रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आज होने वाली मुख्यमंत्री की बैठक को लेकर अपना डायरी वर्क कर लिया है। देखना है कि तीन अक्टूबर से नवरात्र का आगाज हो रहा है। नवरात्र के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के तीनों जोन में किस जोन में सबसे ज्यादा शांति वाला माहौल रहता है कि जोन के आयोजन बिना किसी लफड़े के निपटते हैं और कहां नियमों की धज्जियां नहीं उड़ाई जाती है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार को सिटी के कई एसीपी अपना डाटा जुटाने में लगे हुए थे। वहीं सूत्रों ने बताया है कि एक महिला एसीपी ऑफिस ने तो बकायदा अपने ऑफिस में टू-स्टारों को बुलाकर मीटिंग और जानकारी का इनपुट लिया गया है। तो निर्देश दिया है कि हर छोटे बड़े आयोजन की जानकरी उनको रहनी चाहिए। तो वहीं सिटी के एक एसीपी ने चार प्रमुख बाजारों के प्रधान के साथ व्यापारी सुरक्षा बैठक भी की है। कुल मिलाकर सवाल यह उठ रहा है कि मुख्यमंत्री की बैठक से पहले क्या पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम तीनों जोन में होने वाले नवरात्र कार्यक्रम, रामलीला आयोजन और दुर्गा पूजा के पंडालों का पूरा डाटा जुटा पाएगी या मामला लटक जाएगा।

## हापुड़ में पुलिस और गौकशों के बीच मुठभेड़



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना सिंभावली पुलिस और गौकशों के बीच देर रात एक मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिस की गोली लगने से एक गौकश घायल हो गया। पुलिस ने घायल सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से 2 तमंचे, गौकशी के उपकरण, नशीला इंजेक्शन, सिरिंज और एक बाइक बरामद की गई है।

सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि थाना सिंभावली पुलिस खागोई मोड पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक पुलिस के पास आते दिखाई दिए। जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो आरोपी वहां से भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन बाइक सवार युवक खेतों की ओर दौड़ पड़े। इस दौरान उनकी बाइक फिसल गई और आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।

## राज नगर मंडल में सुनी गई पीएम नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' और चलाया गया सदस्यता अभियान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक की अध्यक्षता में राज नगर मंडल में इन बूथों 242, 248, 246, 256, 363, 344, 369, 371, 377, 380, 381, 239, 267, 392, 340, 256, 385, 337, 355 पर मोदी के मन की बात का 114वां एपिसोड सुना गया। तत्पश्चात सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर अशु कुमार वर्मा, पूनम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्व महानगर अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, पूर्व पार्षद राजेंद्र तितौरिया, कामेश्वर त्यागी प्रभारी इंदिरापुरम मंडल महानगर मिडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पार्षद कुलदीप त्यागी, पार्षद प्रवीण चौधरी, चैयरमेन विरेन्द्र सारस्वत, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय चौधरी, संजय शर्मा,



महानगर सदस्य महामंत्री मनोज कुमार गिरी, उपाध्यक्ष यतिन मित्तल, विजय कोरी, कोषाध्यक्ष हरेंद्र यादव, मंत्री भूषण शर्मा, अंकित त्यागी, योगेश शर्मा, मीडिया प्रभारी रवि रंजन पांडे, आमोद कपूर, लोकेश गर्ग, रितू त्यागी, ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कविता चौहान, एस सी मोर्चा अध्यक्ष आर एन राम, वार्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश पोपली, मनीष भार्गव, तुषार चौहान, सोनू सिंघल, सतीश चंद गुप्ता, शोभित वर्मा, गणेश लाल, राहुल शर्मा, सोहन वीर, काकू मिश्रा, राजीव त्यागी, प्रमोद तोमर, शिवानी बंसल, आशीष चौधरी, एस के नंदा आदि देवतुल्य कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक और मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी बूथों पर भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

## सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन ने किया छात्रों के लिए यूआई डेवलेपर ट्रेनिंग का शुभारम्भ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टि्टयूशन में आई.सी.टी. अकेडमी एवं इंफोसिस फाउंडेशन के सहयोग से बी.टेक. कम्प्यूटर साइंस फाइनल ईयर के छात्रों के लिए यूआई डेवलेपर ट्रेनिंग का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर सुंदर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. संदीप गुप्ता, अमित भारद्वाज, (डायरेक्टर) ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सत्यनारायण, आई.सी.टी. अकेडमी, विशाल शर्मा, ट्रेनर, पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे। प्रोफेसर डॉक्टर संदीप गुप्ता डायरेक्टर इंजीनियरिंग ने बताया कि यूआई डेवलपर के क्षेत्र में छात्रों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इस ट्रेनिंग को करने के बाद विद्यार्थी इस क्षेत्र में रोजगार पाने में सक्षम हो जाएंगे। ट्रेनिंग में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कॉलेज मैनेजमेंट की जमकर सराहना की। संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो. वाइस चांसलर (एडमिन), पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से.नि.) ने सभी छात्र/छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये पल कुछ यादगार होते हैं। सुदर्शन एडवरटाइजिंग के को फाउंडर ललित शर्मा ने अपने घर पर श्री मद भागवत कथा का पाठ कराया। इस पावन पवित्र आयोजन में बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# नेपाल में बारिश और भूस्खलन से 200 लोगों की गई जान

## 30 से ज्यादा लापता, आपदा में 94 घायल








**काठमांडू ।** नेपाल में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण जान गंवाने वालों की संख्या 200 के करीब हो चुकी है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी भी 30 लोग लापता हैं। पिछले शुक्रवार से भारी बारिश और भूस्खलन के कारण हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस ने बताया कि लगातार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण अबतक 192 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि इस आपदा में 94 लोग घायल भी हुए हैं।

**घायलों-पीड़ितों को मुफ्त इलाज और खाना :** नेपाल सरकार तलाशी, बचाव और राहत अभियानों को प्राथमिकता दे रही है। राहत-बचाव कार्यों के लिए सुरक्षा एजेंसियों को विभिन्न इलाकों में भेजा गया है। अबतक 4500 से अधिक लोगों को बचाया गया है। घायलों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है।

बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुफ्त में भोजन और अन्य चीजें प्रदान की जा रही है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण सड़के क्षतिग्रस्त हैं, जिसके कारण काठमांडू की तरफ जाने वाली मार्ग अवरुद्ध हो गई। हजारों की संख्या में लोग फंसे हुए हैं।

**बागमती नदीं खतरे के निशान से ऊपर बह रही :** गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने कहा कि परिवहन को फिर से चालू करने के लिए राजमार्गों को साफ किया जा रहा है। काठमांडू की प्रमुख नदी बागमती बारी बारिश के बाद से अपने खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे एशिया में बारिश की मात्रा और समय में बदलाव हो रहा है।

बाढ़ के प्रभाव में वृद्धि का एक कारण निर्मित पर्यावरण है, जिसमें अनियोजित निर्माण भी शामिल है।

देश के कई इलाकों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सैकड़ों घर और पुल बाढ़ के पानी में बह गए। सड़क बाधित होने के कारण हजारों की संख्या में लोग विभिन्न स्तानों में फंसे हुए हैं।

# अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मिलेंगे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**वॉशिगटन ।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच वैश्विक मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत होने की संभावना है, जिसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व संकट शामिल हैं। अपने समकक्ष एंटनी ब्लिंकन से मिलने के अलावा जयशंकर थिंक-टैंक समुदाय के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे उनसे बातचीत करेंगे। थिंक-टैंक ने कहा कि विश्व स्तर और अमेरिकी विदेश नीति के निर्माण पर भारत का




महत्व बढ़ रहा है। उन्होंने भारत-अमेरिका के संबंधों को प्रदर्शित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2023 की राजकीय यात्रा और राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक का हवाला दिया।

बता दें कि पीएम मोदी क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अमेरिका आए थे। एक सितंबर को राष्ट्रपति जो बाइडन ने डेलावेयर में अपने आवास पर पीएम मोदी का स्वागत किया था। इस शिखर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया और जापान के प्रधानमंत्री भी शामिल हुए थे। थिंक-टैंक ने आगे कहा कि तेजी से हो रहे वैश्विक विकास के साथ अमेरिका के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध अधिक व्यापक हो रहे हैं।

बता दें कि तीसरी बार मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद जयशंकर की वॉशिंगटन की यह पहली यात्रा है।

## खुद से शादी करने वाली टिकटॉक स्टार कुबरा अयकुट की मौत

**नई दिल्ली :** तुर्किये की टिकटॉक इनफ्लुएंसर कुबरा अयकुट की महज 26 साल की उम्र में मौत हो गई। कुबरा अपने वेडिंग विदाउट ए ग्रूम (खुद से शादी करने) वाले वीडियो के लिए बहुत मशहूर हुई थीं।



तुर्किये की मीडिया के अनुसार, टिकटॉक इनफ्लुएंसर की मौत सोमवार को इस्तांबुल के सुल्तानबेली जिले में एक लक्जरी अपार्टमेंट इमारत की पांचवीं मंजिल से गिरने से हुई। स्थानीय अधिकारियों को उनके शव के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# मैनेजर ने फर्जी नाम से जमा किया बायोडेटा कंपनी के एचआर ने चंद सेकेंड में किया खारिज

**नई दिल्ली ।** एक मैनेजर द्वारा अपनी कंपनी के एप्लिकेंट ट्रैकिंग सिस्टम (एटीएस) में एक गंभीर गलती का पता चलने के बाद पूरी एचआर टीम को बर्खास्त कर दिया गया। इस सिस्टम को नियुक्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया था, लेकिन यह मैनेजर के परीक्षण आवेदन समेत सभी नौकरी उम्मीदवारों के अनुरोध को अस्वीकार कर रहा था। अपना अनुभव साझा करते हुए कंपनी के मैनेजर ने बताया कि एचआर विभाग पिछले तीन महीने से एक उपयुक्त उम्मीदवार ढूंढने में असमर्थ थे। उन्हें सिस्टम की गलती का अंदाजा भी नहीं था। यह देखते हुए मैनेजर ने जांच शुरू की। मैनेजर का बायोडेटा खारिज मैंनेजर ने अपना बायोडेटा जमा किया, लेकिन यह देखते हुए वे चौंक गए कि



कुछ ही सेकेंड में उनके अनुरोध को खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा, ₹मैंने एक नया ईमेल बनाकर फर्जी नाम से अपना बायोडेटा जमा किया। मैं यह देखना चाहता था कि सिस्टम में क्या गड़बड़ी है।

कुछ ही सेकेंड में मेरा बायोडेटा खारिज कर दिया गया। एचआर ने मेरा बायोडेटा तक नहीं देखा।₹ मैनेजर ने खुलासा किया कि कंपनी का एप्लिकेशन ट्रैकिंग सिस्टम बिना मूल्यांकन के स्वचालित रूप से उम्मीदवारों के अनुरोध को खारिज कर रहा है।

### एचआर टीम बर्खास्त

मैनेजर ने इन गड़बड़ियों को मैनेजमेंट के सामने रखा। उन्होंने इस गंभीर स्थिति पर कहा, अगले कुछ हफ्तों में एचआर विभाग के आधे लोगों को निकाल दिया गया। मैनेजर ने बताया कि उन्हें एंगुलर एक्सपर्टीज की आवश्यकता थी, लेकिन सिस्टम एंगुलरजेएस के लिए फिल्टर कर रहा था। कंपनी के मैनेजर ने कहा, ₹क्रोधित करने वाली बात यह थी कि मैंने एचआर से उम्मीदवारों के बारे में लगातार पूछताछ की।

# श्रीलंकाई नौसेना ने 17 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

## मछली पकड़ने के लिए सीमा पार करने का लगाया आरोप

**कोलंबो ।** श्रीलंकाई नौसेना ने एक बार फिर भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया। उन्होंने इसबार 17 मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ उनके नौकाओं को भी जब्त कर लिया। भारतीय मछुआरों पर श्रीलंका की सीमा पार करने का आरोप लगाया गया है। इस साल में अबतक श्रीलंका द्वारा 413 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



गिरफ्तार किए गए मछुआरों को तलाईमन्नार घाट ले जाया गया और फिर आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया।

रविवार को श्रीलंकाई नौसैनिकों ने 17 मछुआरों को गिरफ्तार करने के साथ दो नाव भी जब्त किए। नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया था। 2024 की शुरूआत से लेकर अबतक श्रीलंकाई नौसैनिकों ने 55 नौकाओं को जब्त करने के साथ 413 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। बार-ाबर भारतीय मछुआरों को किया जा रहा गिरफ्तार इससे पहले इसी महीने श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 37 मछुआरों को गिरफ्तारी और तीन नौकाओं को जब्त किया था। मछुआरों को 21 सितंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। पिछले महीने 11 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। उनपर मछली पकड़ने के लिए समुद्री सीमा पार करने का आरोप लगाया गया था। बता दें कि भारत और श्रीलंका के संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा है। इस तरह की ज्यादातर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती हैं। यह तमिलनाडु से उत्तरी श्रीलंका के बीच एक पट्टी है।

# पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ तीन नए मामले दर्ज हत्या का प्रयास और धारा 144 का उल्लंघन के आरोप

**इस्लामाबाद ।** पंजाब पुलिस ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में उनकी पार्टी द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद तीन नए मामले दर्ज किए। रविवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और पार्टी चेयरमैन बैरिस्टर गोहर खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ये शिकायतें रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई हैं। उनपर हत्या का प्रयास, धारा 144 का उल्लंघन और आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।




आरोपों के अनुसार, 71 वर्षीय पूर्व पीएम इमरान खान ने अदियाला जेल से निर्देश जारी करते हुए पार्टी के कार्यकताओं को राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाया। बता दें कि इमरान खान पिछले एक साल से अदियाला जेल में बंद हैं। पंजाब सरकार ने इमरान और उनके समर्थकों पर राष्ट्रीय संस्थानों की आलोचना करने, बर्बरता, पथराव में शामिल होने का भी आरोप लगाया है। पीटीआई प्रमुख के समर्थक शनिवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस से भिड़ गए थे। इमरान खान के सैकड़ों समर्थक लियाकत बाग में प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर सभी प्रमुख सड़कों को अवरुद्ध कर दिया।

### पीटीआई ने जारी किया वीडियो

पीटीआई द्वारा जारी वीडियो में प्रदर्शनकारियों को पुलिस पर पत्थर और ईंट से हमला करते हुए देखा गया। प्रदर्शनकारियों द्वारा पीछा किए जाने पर कानून प्रवर्तन कर्मियों को पीछे हटते हुए देखा गया। इससे पहले इमरान खान मे शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था।

जिसे देखते हुए प्रांतीय सरकार ने सार्वजनिक बैठकों पर प्रतिबंध लगाने के साथ शहर सभी प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया। शनिवार को हुए झड़प को देखते हुए नुकसान से बचने के लिए पार्टी ने विरोध प्रदर्शन को वापस ले लिया।

बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान को पिछले साल पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें चुनाव आयोग द्वारा पहले तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया गया था। इसके बाद से ही वह जेल में बंद हैं।

## इस्राइली हमलों में हिजबुल्ला के आठ शीर्ष कमांडरों का खात्मा

**यरुशलम ।** इस्त्राइल ने लेबनान पर ताबड़तोड़ हवाई हमले कर ईरान समर्थक हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडरों



का खात्मा कर दिया है। इस्त्राइल ने नौ शीर्ष कमांडरों में से आठ को मार गिराने का दावा किया है, जबकि हिजबुल्ला ने सात कमांडरों के मारे जाने की पुष्टि की है। मारे गए कमांडरों में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला, अली कराकी व नबील काऊक भी शामिल हैं। नबील शनिवार को मारा गया, जबकि अली शुक्रवार को नसरल्ला के साथ बंकर में ढेर हुआ था।

# जापान में अक्तूबर में होंगे चुनाव

**टोक्यो।** जापान के होने वाले प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने 27 अक्तूबर को देश में आम चुनाव कराने का एलान किया है। इशिबा ने कहा कि वह जैसे ही वह प्रधानमंत्री पद संभालेंगे तो उसके बाद 27 अक्तूबर को आम चुनाव कराने का एलान कर देंगे। शिगेरु इशिबा ने हाल ही में जापान की सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है। जापान में सत्ताधारी पार्टी का अध्यक्ष ही देश का प्रधानमंत्री बनता है। शिगेरु इशिबा मंगलवार को मौजूदा पीएम फुमियो किशिदा की जगह जापान के नए प्रधानमंत्री बनेंगे।




**विवादों के चलते सत्ताधारी एलडीपी की लोकप्रियता में आई गिरावट :** शिगेरु इशिबा 1 अक्टूबर को संसद सत्र की शुरूआत के साथ प्रधानमंत्री पद संभालेंगे। छ्य्द्ध पार्टी के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है। ऐसे में पार्टी अध्यक्ष चुने गए इशिबा का बतौर प्रधानमंत्री कार्यकाल जुलाई 2025 तक था और उसके बाद देश में आम चुनाव होने थे, लेकिन अब शिगेरु इशिबा ने साफ कर दिया है कि वह प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद ही चुनाव का एलान कर देंगे।

जापान की सत्ताधारी पार्टी एलडीपी की लोकप्रियता में हाल के समय में गिरावट दर्ज की गई है। पार्टी का नाम कई विवादों से जुड़ चुका है। विवाद के चलते ही मौजूदा पीएम फुमियो किशिदा को पद से इस्तीफा देना पड़ा है।

ऐसे में नए प्रधानमंत्री इशिबा अपनी मौजूदा लोकप्रियता को लुभाने और पार्टी को एकजुट करने के उद्देश्य से जल्द चुनाव कराने के पक्ष में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इशिबा 9 अक्तूबर को संसद भंग कर सकते हैं और उसके बाद प्रचार के लिए सिर्फ 12 दिनों का समय मिलेगा।

उच्च सदन का कार्यकाल तय समयसीमा यानी जुलाई 2025 तक जारी रहेगा।

### अभी क्या है जापान की संसद की स्थिति

जापान के आम चुनाव में सत्ताधारी एलडीपी का मुकाबला कॉन्स्टिट्यूशन डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान से होगा। साथ ही कंजर्वेटिव जापान इनोवेशन पार्टी भी मुख्य प्रतिद्वंदी है। संसद की 465 सीटों में से एलडीपी सांसदों की संख्या 258 है और यह पार्टी साल 2012 से सत्ता पर काबिज है। कॉन्स्टिट्यूशन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों की संख्या 99 है। वहीं कंजर्वेटिव जापान पार्टी के सांसदों की संख्या 45 है। अभी भी पलड़ा एलडीपी का ही भारी है, यही वजह है कि इशिबा ने पीएम पद संभालते ही चुनाव कराने का फैसला किया है।

## भारतीयों के लिए वीजा के नियम कड़े करने की मांग

**लंदन ।** ब्रिटेन में नेता विपक्ष और विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रमुख पद के लिए चुनाव अंतिम प्रक्रिया में पहुंच गए हैं। इस पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के दो नेताओं रॉबर्ट जेनरिक और केमी बेडेनोच के बीच मुकाबला है। विपक्षी नेता के चुनाव में जिन मुद्दों पर फोकस किया जा रहा है, उनमें अवैध अप्रवासियों का मुद्दा सबसे अहम है।



खासकर अवैध रूप से ब्रिटेन में बसने वाले भारतीयों को लेकर काफी बयानबाजी हो रही है। कंजर्वेटिव पार्टी का चार दिवसीय सम्मेलन शुरू रविवार को कंजर्वेटिव पार्टी का चार दिवसीय सम्मेलन शुरू हुआ है। इस सम्मेलन में पार्टी के नए अध्यक्ष और नेता विपक्ष का चुनाव को अंतिम रूप दिया जाना है। चुनाव के नतीजे 2 नवंबर को घोषित किए जाएंगे, लेकिन इस सम्मेलन में उम्मीदवार पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों को अपने पक्ष में करने की कोशिश करेंगे और उन मुद्दों को सामने रखेंगे, जिन्हें लेकर वे आगे बढ़ेंगे।

# नसरल्ला की मौत पर पाकिस्तान में बवाल: उपद्रवियों की यू एस दूतावास घेरने की कोशिश, आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े

**इस्लामाबाद ।** लेबनान में हिजबुल्ला नेता सैय्यद हसन नसरल्ला की हत्या के विरोध में पाकिस्तान के दक्षिणी शहर कराची में रविवार को कई लोग सड़कों पर उतर आए। इन लोगों ने अमेरिका के वाणिज्य दूतावास तक पहुंचने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने रोक दिया। इसकी वजह से प्रदर्शनकारियों का गुस्सा भड़क गया और पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई।

### एमडब्ल्यूएम ने आयोजित की रैली

धार्मिक राजनीतिक पार्टी मजलिस वहदत मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) ने इस्त्राइल द्वारा नसरल्ला की हत्या किए जाने के विरोध में एक रैली आयोजित की। इसी में प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया था। पाकिस्तानी पुलिस ने कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया।

दूतावास को घेरने की कोशिश




कराची पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों को जिस मार्ग पर रैली निकालने की इजाजत दी गई थी। वह वहां से हटकर माई कोलाची रोड पर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर जाने की कोशिश करने लगे। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होते देख पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप किया।

### पुलिसकर्मी घायल हुए

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी असद रजा ने बताया, 'जब पुलिस ने इन लोगों को रोका और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए उनके मार्ग की याद दिलाई तो कुछ प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए। उन्होंने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इससे कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए।'

### मौजूद लोगों ने क्या कहा?

वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कई प्रदर्शनकारियों ने ओल्ड नुमाइश चौराहे से अपनी रैली शुरू की और मुख्य एमए जिन्ना रोड पर मार्च किया। जब वे नेटिव जेट्टी ब्रिज से उतरे और अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर जाने लगे तो वहां तैनात पुलिस दल ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। बाद में उन्होंने आंसू गैस के गोले छोड़े और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज भी किया।

पुलिस पहले से ही प्रदर्शन को लेकर सतर्क थी। वहां कंटेनर लगाए गए थे और अस्थायी अवरोधक बनाए थे, जिन्हें महिलाओं और बच्चों सहित कुछ प्रदर्शनकारियों ने हटा दिया था। यहां तक कि आरोप है।




# नगर निगम के महासफाई अभियान को 120 घंटे हुए पूर्ण, 170 घंटे का टारगेट

## एसबीएम टीम ने घरों की बैकलेन पर चलाया विशेष सफाई अभियान, येलो स्पॉट तथा कूड़ा घर विलोपित पर भी किया काम







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा लगातार शहर को स्वच्छ करने के साथ-साथ सुंदर बनाने पर कार्य किया जा रहा है जिसमें जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्य हो रहा है। 155 घंटे निरंतर सफाई अभियान चल रहा है जिसमें गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 120 घंटे पूर्ण कर लिए हैं। 170 घंटे पूर्ण करने का टारगेट निगम द्वारा बताया जा रहा है। यह अभियान 26 सितंबर से निरंतर चल रहा है। कई सामाजिक संस्थाएं सहयोग कर रही हैं।

अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार ने बताया महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा 2024 का वृहद रूप में कार्यक्रम चल रहा है। मार्केट एरिया, आंतरिक वार्ड, सार्वजनिक स्थल, मलिन बस्तियां, सार्वजनिक शौचालय, कम्युनिटी शौचालय पर निरंतर सफाई का कार्य किया रहा जा रहा है। येलो स्पॉट हटाने का कार्य भी किया जा रहा है। इसी क्रम में घरों के पीछे बैक लेन सर्विस लाइन को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा रहा है जिसके लिए शहर निवासियों को भी जागरूक किया जा रहा है। ऐसे स्थान जहां पर कूड़ा है उसको हटाकर कूड़ा घर विलोपित करते हुए सौंदर्यकरण किया जा रहा है।




### नगर निगम के अभियान में शहर निवासियों की भागीदारी भी दिखाई दी

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के अभियान में शहर निवासियों की भागीदारी भी दिखाई दे रही है। अपने घरों के आसपास स्वयं सफाई अभियान चला रहे हैं। आरडब्ल्यूए पदाधिकारी गण भी मिलकर अपने-अपने क्षेत्र में सफाई का कार्य कर रहे हैं। कई सामाजिक संस्थाएं तथा प्रतिष्ठान भी सफाई अभियान में जुटे दिखाई दे रहे हैं। विजयनगर जोन के संतोष मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया। व्यापारी वर्ग भी निगम की स्वच्छता अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। मोहन नगर, विजय नगर तथा सिटी जोन अंतर्गत आने वाली मलिन बस्तियों पर विशेष ध्यान देते हुए सफाई अभियान चल रहा है।

# पद्मश्री डॉ. किरण सेठ की 'एकल साइकिल यात्रा' का अंतिम पड़ाव गाजियाबाद में आज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पद्मश्री डॉ. किरण सेठ, जो 74 वर्षीय हैं और स्पीक मैके (भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के प्रचार के लिए सोसायटी) के संस्थापक हैं तथा पूर्व प्रोफेसर एमेरिटस, आईआईटी-दिल्ली में कार्यरत रहे हैं। अपनी पूरी भारत 'एकल साइकिल यात्रा' के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश से गुजर रहे हैं। उन्होंने 16 सितंबर 2024 को कानपुर से यात्रा शुरू की थी और 2 अक्टूबर 2024 को राजघाट पहुंचने का लक्ष्य है। उनके इस अभियान का अंतिम पड़ाव गाजियाबाद में 1 अक्टूबर 2024 को होगा।







गाजियाबाद चैप्टर ऑफ स्पीक मैके दोपहर 1 बजे उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स में उनका स्वागत करेगा, जहां वे विभिन्न स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रिंसिपल्स की मीटिंग, प्रेस कॉन्फ्रेंस और वॉलंटियर्स की मीटिंग आयोजित की जाएगी। शाम 4 बजे वे आईएमएस कॉलेज, लाल कुआं के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। यहां हम कुछ संस्थानों के प्रमुखों की उपस्थिति की भी उम्मीद कर रहे हैं। 2 अक्टूबर 2024 को वे राजघाट के लिए अपनी यात्रा जारी रखेंगे। उन्हें सिल्वर लाइन स्कूल से विदाई दी जाएगी, जहां वे छात्रों, स्टाफ और कुछ कलाकारों के साथ बातचीत करेंगे। आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त किसी भी स्थल पर, आपकी सुविधा के अनुसार, इस महान व्यक्तित्व के साथ मिलने का यह दुर्लभ अवसर न चूकें।

# विजय नगर में एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक का किया गया आयोजन

## उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे मुख्य अतिथि





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनजीओ प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन विजय नगर स्थित रोजवेल पब्लिक स्कूल में किया गया, जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश संयोजक डॉ. संदीप शाही थे, जबकि प्रदेश सह संयोजक संजय कश्यप, महानगर संयोजक राजीव शर्मा, सहसंयोजक सत्येन्द्र सिंह एवं वी. के. सक्सेना भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

इस बैठक में विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव मंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत किए। इन सुझावों को लिखित रूप में एक मांग पत्र के माध्यम से प्रदेश सरकार को सौंपा गया, ताकि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को एनजीओ के माध्यम से आम जन तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। सभी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने अनुभव और विचार साझा किए तथा एनजीओ की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की।



### कार्यक्रम का उद्देश्य और मांग पत्र

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि एनजीओ को एक सशक्त मंच प्रदान किया जाए, जहां वे अपने विचारों और सरकार से अपेक्षाओं को खुलकर व्यक्त कर सकें। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि किस प्रकार सरकार और एनजीओ मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण आदि क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं। बैठक के दौरान मंत्री जी को सौंपे गए मांग पत्र में इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और सरकार से अपेक्षा की गई कि एनजीओ को इन क्षेत्रों में अधिक सहयोग और संसाधन प्रदान किए जाएं।

### कार्यक्रम में सहभागिता

इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल 56 संस्थाओं से 170 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो एनजीओ क्षेत्र की सक्रियता और उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है। कार्यक्रम में कुल 250 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम का संयोजन सत्येन्द्र सिंह ने किया, जिन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक के माध्यम से एनजीओ और सरकार के बीच संवाद की एक नई शुरूआत हुई है, जो आने वाले समय में समाज की भलाई के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है।

श्री रामलीला महोत्सव 2024
तीन घंटे में
सम्पूर्ण रामलीला मंचन
श्री राम कला केन्द्र मंडी हाउस नई दिल्ली पर आधारित
पकड़ कर अपनी संस्कृति की डोर
एक कदम बढ़ाए राम राज्य की ओर
श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर के सद् प्रयासों से अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को पोषित करने के लिए इस वर्ष नए रूप में 3 घंटे की संपूर्ण रामायण का मंचन अनुभवी कलाकारों द्वारा भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। आप सभी सपरिवार इस भव्य आयोजन का प्रतिदिन आनंद लें एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरित्र को अपने आचरण में ढालने के लिए बच्चों एवं युवाओं को प्रेरित करें और एक स्वस्थ, एवं संस्कारित समाज की स्थापना में अपना योगदान दें।
मंचन : प्रतिदिन 1 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2024
रामलीला मैदान, कविनगर, गाजियाबाद
मंचन स्थल पर
→ रामचरित मानस पर आधारित प्रदर्शनी
→ फूडकोर्ट
आयोजक :
श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी०)
कविनगर, गाजियाबाद
9810197960, 9810431300, 9811083941
Raymond YASHODA MIGSUN SUMMERCOOL Rishta Madan's KIET LandCraft




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों कहा कहने वाले ने कि दिन था सोमवार और लखनऊ में थी सदस्यता अभियान की समीक्षा जारी? तभी शुरू हुई यहां पर बंद कमरे में विधानसभा उपचुनाव पर चर्चा बहुत सारी? सुना है चर्चा में टॉप पर आ गया एकदम ठाकुर फैक्टर का नाम? सुना है जैसे ही ये बात दरवाजे से बाहर आई? गोयल साहब हो गये बहुत ही हैरान? कर दिया उन्होंने ये सुनकर बहुत बड़ा ऐलान? इस ऐलान के बारे में अगर हम लिख देंगे, तो फिर आप भी हो जायेंगे हैरान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से भगवा ककक...करन ने रखे हैं मीडिया वाली जिम्मेदारी के दरवाजें में अपने चरन? हम देख रहे हैं वो डटकर कर रहे हैं विज्ञप्तियों को लिखने का करम? कहने वाले ने कहा शुरू-शुरू में हर कोई सह वाला मीडिया प्रभारी कितनी ही शिद्दत से निभाता है जिम्मेदारी? मगर जैसे-जैसे जिम्मेदारी होती है पुरानी? वैसे-वैसे कलम लगने लगती है उसको भारी? इसलिए आज तक कोई नहीं खेल पाया चौधरी साहब जितनी लंबी पारी? इसलिए भगवा कमांडर को चलानी पड़ती है सह वाली जिम्मेदारी पर बार-बार आरी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब ही दिल से दे रहे हैं अपने प्रिय दावेदार को सपोर्ट? सुना है तमाम बड़े गलियारों में वो लगवा चुके हैं इस नाम पर ओके की रिपोर्ट? कहने वाले ने कहा पहले सभी जनप्रतिनिधियों का दिखता है एक सा मयार? ऐसा लगता था सबके रिश्ते अम्बूजा सीमेंट से जुड़े हैं यार? सुना है गर्ग साहब की पसंद पर आ गई है अब आपस में दरार? दो विधायकों के नहीं मिल रहे हैं, इस मामले में विचार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रान्तिकारी क्षेत्र के मावी जी ने कर दिया है क्रान्तिकारी ऐलान? कह दिया है अपने लोगों से अब मैं दिसम्बर तक खामोश हूं? जनवरी आते ही उठा दूंगा मैं तूफान? मेरी खामोशी को समझो, आने वाले बड़े बवंडर का संदेश? मैं कर दूंगा उसको खामोश जो गलतफहमी में है फेस? जनवरी में दिखेगा मेरा अलग ही किरदार? अगर वो उधर से 'आर' करेंगे तो फिर इधर से भी होगा 'वार'?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले भाटी भैया का बहुत ही सौम्य है फेस? सुना है अब वो सदन में बनना चाहते हैं डिप्टी नरेश? कहने वाले ने कहा उन्होंने लगाई है हैवीवेट वालों से अरदास? कहा है इस बार तो मुझे चाहिए आपका 100 प्रतिशत आशीर्वाद? कहने वाले ने कहा हमें तो उनकी डिमांड पर लग रहा है डाउट? हैवीवेट वालों को इस मामले में करनी पड़ेगी पहलवान के दोस्त से बात? सीजन उपचुनाव का चल रहा है? शायद ही उनसे करें वो अपनी भावना को आउट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले भगवा कमिश्नर त्यागी के लिए चुनौती बन गये हैं एक पार्षद? सुना है वो उनको बिल्कुल भी नहीं कर रहे हैं सपोर्ट? सब तो त्यागी जी को दे रहे हैं, मगर ये पार्षद नहीं दे रहे हैं उनको सदस्यता अभियान की रिपोर्ट? वैसे भी घर वापसी को लेकर त्यागी जी ने नहीं किया था इनके लिए कोई प्रयास? इसलिए ये मैम्बर अपनी धुन में मस्त हैं? भले ही त्यागी जी उनको लेकर कितनी ही करें बात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि राधे का श्याम जपने वाले नदिया पार के भगवा मैम्बर ने अभी नहीं की है 10 से भी ऊपर सदस्यता पार? कहने वाले ने कहा इस मामले में हम शर्त लगाने के लिए हैं बिल्कुल तैयार? ये मैम्बर बिल्कुल भी नहीं ले रहे हैं सदस्यता में इंटरेस्ट? एक बार कमांडर रिपोट तो मंगवाकर देखें? सच बता रहा हूं भाईसाहब नीचे से आयेंगे फर्स्ट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लग रहा है इस बार भगवा कांत भैय्या पहुंच जायेंगे नामित वाले मामले के नजदीक? 2006 से उनका मामला खाली खाली चल रहा है? ऐसे उनके शब्द कर रहे थे इस बात की तस्दीक? सुना है भगवा कमांडर ने उन्हें सौंपा है सदस्यता की रिपोर्ट लेने की जिम्मेदारी से भरा हुआ काम? वो भी दे दना दन सबको फोन मिला रहे हैं? नहीं कर रहे हैं बिल्कुल भी आराम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्यों नहीं जा रहे हैं रामलीला में कमेटी के ही पदाधिकारी? सुना है चार चेहरे ही संभाल रहे हैं पूरी जिम्मेदारी? गणेश जी की जब निकली यात्रा तो नही थे इस आयोजन के पदाधिकारी? क्या राम बारात में भी रहेगी यहीं अदा जारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के किस प्रभारी ने रुकवा दिया इस पार हो रहा भवन निर्माण? सुना है उन्होंने नही मानी इस मामले में एक बड़े नेता की भी बात? कहने वाले ने कहा कि बड़े नेता ने भी दिल पर ले ली है ये बात? वो खंगाल रहे हैं अब प्रभारी जी का शिजरा? सुना है बुलंद वाले एरिया से जुड़े हैं पूरे मामले के तार? हो सकता है मामला कुछ और ही हो यार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।